सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 15 अंक - 245 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 18 जून 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

खास-खबर

पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए 23 जून को होगी परीक्षा

रायपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए 23 जून को परीक्षा ली जाएगी। पीपीटी का आयोजन राज्य के 32 जिला मुख्यालयों में 23 जून 2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र 17 जून से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in एवं https://vyapamaar.cgstate.gov.in/ एवं चिप्स की वेबसाइट http://cgstate.gov.in पर उपलब्ध लिंकों में से किसी भी लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं और अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर SMS के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी इस यूआरएल को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा दिवस को सभी परीक्षार्थी लगभग एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति दी जा सके। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771-2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं। अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट अवश्य निकालें। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं आता है तो अभ्यर्थी अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र में जाएं। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। यह उचित होगा कि परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभाँति परिचित हो जाएं। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड /पासपोर्ट/विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र/फोटोयुक्त अंकसूची मूलरूप में (फोटो कॉपी मान्य नहीं) परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

बलौदाबाजार प्रशासन की अपील, लोक शांति भंग करने वालों की दें जानकारी

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार भाटापारा जिला प्रशासन ने सभी जिले वासियों से अवैधानिक, गैर कानूनी अथवा लोक शांति भंग करने वालों की जानकारी कंट्रोल रूम में देने की अपील की है। अपील में कहा गया है कि ग्राम पंचायत, नगर पंचायत या नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी समूह या संगठन अवैधानिक, गैरकानूनी या लोक शांति को भंग करने की दृष्टि से कोई रणनीति बना रहा हो या बैठक कर रहा हो तो उसकी जानकारी तत्काल जिला कंट्रोल रूम नंबर 94791-90629 में देवें। ताकि उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाई की जा सके। जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी। जिला प्रशासन ने कहा है कि आइए हम सब एक आदर्श नागरिक होने का परिचय देवे और अपने जिले को शांति,सद्भाव, सामाजिक समरसता और विकास की एक मिसाल बनाएं।

बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे से खाली हुई रायपुर दक्षिण सीट, निकाय चुनाव के साथ होगा उपचुनाव

बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को सौंपा इस्तीफा

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई/रायपुर। रिकार्ड 8 बार विधानसभा चुनाव जीतने वाले रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल अब सांसद बन गए हैं। बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के विकास उपाध्याय को रिकार्ड 5 लाख 75 हजार 285 वोटों से हराया था। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के साथ ही रायपुर दक्षिण विधानसभा में उपचुनाव की कवायद भी शुरू हो गई। बस इंतजार था तो बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे का। सोमवार को बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर के मौलश्री विहार स्थित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पर जाकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके साथ रायपुर दक्षिण का सस्पेंस खत्म हो गया है। बताया जा रहा है अब इस सीट पर रायपुर नगर निगम के चुनाव के साथ ही उपचुनाव भी कराए जाएंगे।

इधर रायपुर दक्षिण से उपचुनाव की कवायद शुरू हुई और भाजपा व कांग्रेस में चुनाव लड़ने वाले दावेदारों की फौज खड़ी हो गई है। रायपुर दक्षिण विधानसभा में बृजमोहन अग्रवाल एक दमदार नेता हैं और भारतीय जनता पार्टी यहां उन्हीं के पसंद का प्रत्याशी दे सकती है। लोकसभा चुनाव में रिकार्ड जीत से उनका केन्द्र में कद बढ़ गया है। बृजमोहन के रहते यहां से भाजपा का कोई अन्य नेता उभर नहीं पाया। ऐसे में यहां से थोक में दावेदार सामने आ रहे हैं। संभवत: तीन माह बाद निकाय चुनाव की घोषणा हो जाएगी और इससे पहले टिकट की दौड़ शुरू हो गई है। वहीं कांग्रेस पार्टी भी रायपुर दक्षिण में इस बार मजबूत कैंडीडेट उतार कर भाजपा की यह अजेय सीट पर जीत दर्ज करना चाह रही है।

8 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल अब करेंगे केन्द्रीय राजनीति, रायपुर दक्षिण से दावेदारों की फौज

भाजपा के दावेदारों में यह नेता शामिल

रायपुर दक्षिण सीट भाजपा के एक दो नहीं कई नेता दावेदारी कर रहे हैं। इनमें सबसे आगे पूर्व सांसद सुनील सोनी का नाम है। सुनील सोनी की टिकट काटकर बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा चुनाव लड़ाया गया। इसके कारण रायपुर दक्षिण से इनकी दावेदारी मजबूत है। इसके अलावा रायपुर नगर निगम में सीनियर पार्षद सुभाष तिवारी हैं। सुभाष तिवारी को बृजमोहन अग्रवाल का करीबी माना जाता है। इसके अलावा रायपुर दक्षिण के सुंदरलाल शर्मा भी दावेदार है। सुंदरलाल शर्मा ने निर्दलीय चुनाव लड़ते हुए भाजपा के दिग्गजों को तीन बार शिकस्त दी है। अभी वे भाजपा में हैं। इसी प्रकार व्यापारियों के बीच अच्छी पैठ रखने वाले केदारनाथ गुप्ता और रायपुर नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा भी दावेदारों की दौड़ में है।

कांग्रेस में भी कई नेताओं की दावेदारी

भाजपा के साथ ही कांग्रेस में भी दावेदारों की लिस्ट लंबी है। कांग्रेस के पास इस बार इस सीट से जीत दर्ज करने का मौका है क्योंकि यहां इस बार बृजमोहन अग्रवाल नहीं होंगे। कांग्रेस के प्रमुख दावेदारों की बात करें तो सबसे ज्यादा चर्चा कन्हैया अग्रवाल की है। उन्होंने 2018 में बृजमोहन के खिलाफ चुनाव लड़ा और 14 हजार वोटों के अंतर से हार गए थे। कांग्रेस इन्हें दोबारा मौका दे सकती है। इसके अलावा रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रह चुके सन्नी अग्रवाल, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और एमआईसी के सदस्य सतनाम पनाग दावेदार हैं। इसके अलावा लोकसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल के सामने हार चुके विकास उपाध्याय का भी नाम रायपुर दक्षिण से लिया जा रहा है।

एनएसपीसीएल कॉलोनी में लाखों की चोरी से हड़कंप

सुरक्षाकर्मियों की नाक के नीचे से उड़ा ले गए नगदी व जेवर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। एनएसपीसीएल कॉलोनी रुआंबाधा में एनएसपीसीएल के सीनियर मैनेजर मयुरेश मोनल के घर पर लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। मयुरेश मोनल गोयल अपने परिवार के साथ हैदराबाद गया हुआ था। इस बीच चोरों ने उसके घर पर सेंधमारी की। पड़ोसियों की सूचना के बाद मयुरेश मोनल घर पहुंचा और चोरी की शिकायत दर्ज कराई। चोरों ने इनके घर से 24 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी को अंजाम दिया है। भिलाई नगर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भिलाई नगर थाना पुलिस ने बताया कि एनएसपीसीएल कालोनी ब्लाक-सी/5 क्वाटर-8 निवासी एटीपीसी सेल पावर कंपनी लिमिटेड के सिनियर मैनेजर मयुरेश मोनल (37) ने शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 14 जून 2024 को अपने परिवार के साथ हैदराबाद घूमने गया था।



17 जून 2024 की सुबह लगभग 7.10 मिनट उनके पड़ोसी निशांत जैन ने फोन कर बताया की उनके घर का दरवाजा खुला हुआ है। इसके बाद पड़ोसी ने घर का फोटो खींचकर भेजा। इससे मयुरेश को अंदाजा हो गया कि उनके घर पर चोरी हुई है।

इसके बाद वे फ्लाइट से वापस लौटे और घर जाकर देखा। घर के अलमारी में रखा सामान कपड़े लत्ते सब बिखरे पड़े थे। घर में रखे सभी अलमारी के दरवाजे खुले थे। अलमारी में रखा सोने चांदी के जेवर तथा 25000 रुपए नही मिला। चोरों ने सोने के जेवर लगभग 350 ग्राम वजनी, चांदी की गहने व सामान लगभग 2 किलो, डायमण्ड रिंग सहित लगभग 24 लाख से ज्यादा के जेवर चोरी हो गए। इस मामले में शिकायत के बाद भिलाई नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

कड़ी सुरक्षा के बीच सेंधमारी

बता दें एनएसपीसीएल कॉलोनी को बहुत ही सुरक्षित बनाया गया है। गेट पर 24 घंटे गार्ड की तैनाती रहती है। इसके बावजूद चोरों ने हाथ साफ कर दिया। सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बाद भी चोरों ने आराम से अपना काम किया और चले गए। शिकायत के बाद पुलिस ने कॉलोनी पहुंचकर सीसी फुटेज चेक किया जिसमें चोरों की हरकत कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट से मचा बवाल, पुरानी भिलाई थाने में हंगामा

पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में बीती राज समुदाय विशेष के लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। लोगों का आरोप था कि दूसरे समुदाय के युवक ने सोशल मीडिया पर उनके धर्म को अपमानित करने वाला पोस्ट डाला। इससे समाज के लोग आहत हैं और युवक के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। बड़ी संख्या में विशेष समुदाय के लोगों के थाने पहुंचने पर काफी हंगामा मचा। मौके पर एएसपी से लेकर सभी आला अधिकारी पहुंचे और माहौल को शांत कराया। इस मामले में पुरानी भिलाई पुलिस ने आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवक के खिलाफ धारा 295-ए-आईपीसी, 67ए-एलसीजी के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल यह पूरा मामला सोशल मीडिया पर एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर है। समुदाय विशेष के त्योहार के बीच पोस्ट वायरल होने से विवाद बढ़ा। भिलाई तीन निवासी पुष्पराज सिंह नाम के युवक द्वारा अपने इंस्टाग्राम पर यह आपत्तिजनक पोस्ट डाला। बताया जा रहा है कि इसके बाद समुदाय विशेष के लोगों ने पुष्पराज से संपर्क किया और उक्त पोस्ट को हटा लेने कहा। इसके बाद भी उसने उनकी बात नहीं मानी। इसके बाद कुछ युवक पुष्पराज सिंह के जिम पर भी पहुंचे लेकिन वह नहीं मिला। विवाद बढ़ता गया और समाज के लोग जमा होते गए।

देर रात मामला तब बिगड़ गया और समाज विशेष के लोगों ने नेशनल हाइवे जाम करने का प्रयास किया। इस बीच एएसपी सुखनंदन राठौर सहित आसपास के थाना प्रभारी व पुलिस बल पहुंच गया। एएसपी सुखनंदन राठौर ने भीड़ को समझाइश दी है। इसके बाद भी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा था। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया तब जाकर भीड़ वहां से हटी। इधर इस मामले में पुरानी भिलाई थाना प्रभारी पीडी चंद्रा ने बताया कि पुष्पराज सिंह नाम के युवक ने अपने इंस्टाग्राम और वॉट्सएप पर धर्म को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट किया है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 295-ए-आईपीसी, 67ए-एलसीजी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

इस खुशी की कोई तो वजह होगी

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ
- दीपक रंजन दास

लोगों की कमाई या तो स्थिर है या फिर घट रही है। खाने पीने की चीजें लगातार महंगी हो रही हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य की तो बात ही क्या है। बेमतब की डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स, वर्कशॉप पार्टिसिपेशन तक रायता फैला हुआ है। इसके बाद भी काम नहीं मिल रहा। लोग छोटे-मोटे काम धंधे इसलिए नहीं शुरू कर रहे कि इसके लिए उनका कोई पैशन है। उनकी मजबूरी है कि या तो बाई टाइप के वेतन पर किसी निजी संस्थान में नौकरी करते रहें या फिर आंखों में लाखों के पैकेज का सपना लिये सड़कों पर भटकते रहें। जिन्हें ये दोनों ही स्थितियां मंजूर नहीं, वो कुछ न कुछ कर रहे हैं। खाली बैठे रहने से तो अच्छा है कि हाथ-पैर मार लें। नया फार्मूला शार्क टैंक का है। आप अपना बेहतरीन आइडिया या तो बेच दो या फिर उसमें पैसा लगाने वाला पार्टनर ढूंढ लो। कम से कम बैंक तो बचे हुए हैं, दीवालिया होने से। फिर भी लोग खुश हैं। देश भर के मेडिकल कालेजों में भर्ती होने के लिए पिछले महीने नीट की परीक्षा हुई। इसी महीने के प्रथम सप्ताह में उसके नतीजे आए। पता चला कि 67 बच्चे फुल मार्क्स ले गए हैं। थोड़ी गहराई में गए तो पता चला कि कुछ बच्चों को गलत प्रश्न पत्र बंट गया था। इससे उनका आधा घंटा खराब हो गया। उन्हें तगड़ा ग्रेस मार्क्स दे दिया गया। जांच थोड़ी और गहराई में गई तो हरियाणा के एक ऐसे स्कूल का पता चला जहां बैठकर परीक्षा देने वाले 6 बच्चों के फुल मार्क्स आ गए थे। इधर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पहले कहा कि कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई। पूरा सिस्टम पारदर्शी है। इस पारदर्शिता का क्या करें। इसका तो अचार भी नहीं डल सकता। अव्वल तो गलत पर्चा कैसे बंट गया? अब चलो बड़ी-बड़ी परीक्षाओं में छोटी-छोटी गलतियां होती रहती हैं। बच्चों का आधा घंटा खराब हो गया तो उन्हें आधा घंटा और दे देते। कौन सा पहाड़ टूट जाता। नियमों का ऐसा भी क्या खौफ कि जमीनी स्तर पर कोई फैसला नहीं लिया जा सकता। वैसे बलिहारी एनटीई की। जिस परीक्षा में एक-एक अंक के लिए मारामारी होती है वहां परीक्षा में अतिरिक्त समय देने की बजाय रेवड़ी की तरह ग्रेस मार्क्स बांट दिये। एक गलती पर दूसरी गलती यह कि अब जबकि केन्द्र के हस्तक्षेप से ग्रेस मार्क्स हटा दिये गये हैं तो नया फार्मूला फिट कर दिया है। परीक्षार्थियों के पास अब दो ऑप्शन है। या तो वे आधे घंटे के नुकसान के साथ बिना ग्रेस की मार्कशीट स्वीकार कर लें या फिर 23 जून को दोबारा परीक्षा दिलाएं। नीट में 720 अंकों के लिए 180 प्रश्न हल करने होते हैं। जिनका आधा घंटा गया उन्हें लगभग 20 फीसदी सवाल छोड़ने पड़े होंगे। दोबारा परीक्षा की तैयारी अलग होगी और पेपर भी अलग होगा। यह न्याय तो नहीं हुआ। फिर भी लोग खुश हैं।

संपादकीय

फिर रेल हादसा

रेलवे ने नेताओं को सियासत का मौका दे दिया है। ध्यान रहे, सियासत को रोका नहीं जा सकता, पर दुर्घटनाओं को जरूर रोका जा सकता है। पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना जितनी दुखद है, उतनी ही विचारणीय है। पश्चिम बंगाल में रेल दुर्घटना जितनी दुखद है, उतनी ही विचारणीय है। यह बात पहली नजर में ही साफ हो गई है कि दुर्घटना मानवीय भूल की वजह से हुई है।

> “ एक मालगाड़ी ने अगरतला से सियालदह जा रही कंचनजंघा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मारी है। हादसे के समय कंचनजंघा एक्सप्रेस खड़ी थी और मालगाड़ी के लोको पायलट ने रेड सिग्नल की परवाह नहीं की या उसे देखना जरूरी नहीं समझा। सोमवार सुबह हुई इस दुर्घटना में करीब 9 लोग काल के गाल में समा गए और पचास से ज्यादा घायल हुए हैं।

जाहिर है, इस भयानक टक्कर में मालगाड़ी के ड्राइवर और एक्सप्रेस ट्रेन के गार्ड की भी जान चली गई है। ज्यादा नुकसान गार्ड कोच और दो पार्सल वैन को हुआ है, इस वजह से यात्रियों पर बहुत ज्यादा असर नहीं हुआ है। जिस गति से बचाव कार्य किया गया है, उसकी तारीफ करनी चाहिए। इसके साथ ही पीड़ितों की चिकित्सा के साथ ही मुआवजा घोषित करने में भी पर्याप्त तेजी दिखाई गई है।

दरअसल, इस हादसे के पीछे केवल मानवीय विफलता नहीं है। बताया जा रहा है, स्वचालित सिग्नन-प्रणाली भी खराब थी, इसकी वजह से सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस खड़ी हो गई थी। मालगाड़ी के ड्राइवर ने भी सिग्नल की अवहेलना की। यह समग्रता में रेलवे की नाकामी है। इस टक्कर को टाला न जा सका। अब यहां जांच में कई सवाल खड़े होंगे? सिग्नल क्यों खराब था और अगर सिग्नल खराब था, तो रेल अधिकारी दुर्घटना को रोकने के लिए क्या वैकल्पिक उपाय कर रहे थे? इक्का-दुक्का निचले कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहरा देना पर्याप्त नहीं होगा? केंद्रीय रेल मंत्री मौके पर पहुंच गए हैं, तो उन्हें हादसे की वजहों की पूरी पड़ताल करनी चाहिए। अब ऐसे हादसे पहले की तुलना में बहुत कम होते हैं, लेकिन इनका होना पूरी रेल सेवा पर ही प्रश्नचिह्न लगा देता है। ऐसे प्रश्नचिह्नों के सहारे जाहिर है, सियासत भी तेज होती है। ऐसे में, सत्तारूढ़ पार्टी और केंद्र सरकार को निशाना बनाया जा रहा है, तो आश्चर्य नहीं। देश में हादसों पर सियासत का लंबा इतिहास रहा है और रेलवे ने यह मौका दिया है। ध्यान रहे, सियासत को रोका नहीं जा सकता, पर दुर्घटनाओं को जरूर रोका जा सकता है। भारत में जब तेज गति से रेलगाड़ियां दौड़ने लगी हैं, तब तो दुर्घटनाओं की आशंका को शून्य बनाने में ही सबकी भलाई है।

अव्वल तो इस हादसे के दोषियों को आपराधिक लापरवाही की वजह से घेरा जाना चाहिए। दूसरी बात, जब बारिश का मौसम आ ही चुका है, तब दूरदराज के तमाम इलाकों में सिग्नल क्षमता व पटरी की स्थिति को युद्ध स्तर पर परख लेना चाहिए। खराब मौसम भी अक्सर हादसों की वजह बनता है। विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और नेटवर्क की जांच जरूरी है। तीसरी बात, अक्सर चर्चा होती है कि रेलवे में बहुत पद खाली हैं, ऐसे में, यह भी मान लिया जाता है कि कहीं न कहीं रेल संचालन और सेवा गुणवत्ता में कमी रह जा रही है, जिसका खामियाजा हम यदा-कदा भुगतते रहते हैं। ऐसी कमी या मजबूरी का अंत होना चाहिए। चौथी बात, पिछले वर्षों से चर्चा होती रही है कि भारत में ही विकसित रेल टक्कर-रोधी प्रणाली ‘कवच’ आ गई है, एक पटरी पर दो ट्रेनों के करीब आते ही परिचालन स्वयं थम जाएगा। कहने की जरूरत नहीं कि बिना देरी तमाम ट्रेनों को कवच पहनाने का कार्य युद्धस्तर पर होना चाहिए।

नजरिया

आरामदेह जीवन को कठिन बनाता जलवायु परिवर्तन

ज्यादातर संपन्न शहरी आबादी जलवायु परिवर्तन के असर से खुद को दूर समझती है और इसे एक ऐसी समस्या मानती है, जिससे ग्रामीण इलाकों को जूझना है। उनकी तकलीफें दर्शाती तस्वीरें परोसी जाती हैं।

राहुल जैकब,
आर्थिक शोधकर्ता व वरिष्ठ पत्रकार

मसलन, बांग्लादेश के वे ग्रामीण इलाके, जहां पहले फसलें उगा करती थीं, अब खारेपन के कारण उनको खाली छोड़ देना पड़ा है, उत्तरी अफ्रीका से दक्षिणी यूरोप के समुद्री तटों पर पहुंचने वाली शरणार्थियों की वे नावें, जिनमें ज्यादातर अप्रत्याशित गरमी से बचने के लिए भागे लोग सवार थे। इस साल फोटो जर्नलिज्म अवॉर्ड के विजेता द्वारा खीचीं गईं तस्वीरें या फिर, फ्रंटलाइन पत्रिका में प्रकाशित सुदीप मैती की तस्वीरें, जिनमें गंगा और उसकी सहायक नदियों के कटाव के कारण विस्थापित हुए सैकड़ों ग्रामीणों की मुश्किलें दिखाई गई हैं।

मगर बीते कुछ महीनों से शहरी भारत ने भी जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को काफी करीब से महसूस किया है। दिल्ली में तो इस साल तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया, जबकि साल 2023 में हीट वेव के कुल दिनों में दो-तिहाई देश के दक्षिण और पूर्वी हिस्से की गरमी के दिन थे। पिछले हफ्ते ‘सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायर्नमेंट’ ने ‘एनाटॉमी ऑफ एन इनफर्नो’ नामक एक रिपोर्ट जारी की, जिसके परेशान करने वाले निष्कर्षों में से एक यह भी है कि शहर अब रात में उस तरह ठंडे नहीं हो रहे, जैसे 20 साल पहले हुआ करते थे। यह खासा चिंताजनक है, क्योंकि रात का तापमान पहले की तरह कम नहीं होने से ताप संकट और बदतर हो गया है, जिसके कारण एसी का अधिक इस्तेमाल करना पड़ता है, जो अमूमन अस्वच्छ ऊर्जा की ही खपत बढ़ाते हैं।

भारतीय शहर गरमियों में भट्टी तो बन ही जाते हैं, जलवायु परिवर्तन से अमीर विकसित आबादी भी खूब प्रभावित हो रही है। जिस तरह पिछले साल भारत में टमाटर व प्याज की फसलों के साथ-साथ अनाज की पैदावार गरम हवाओं या गलत समय पर भारी बारिश की वजह से प्रभावित हुईं, उसी तरह की परिस्थितियां दक्षिणी यूरोप में भी फसलों को प्रभावित कर रही हैं, जहां पर वाइन अंगूर और जैतून का उत्पादन प्रभावित हुआ है। इंडोनेशिया और वियतनाम में भी ठीक इसी तरह कॉफी का उत्पादन कम हुआ है। इस हफ्ते वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक स्टोरी में बाकायदा आंकड़ों के साथ बताया गया है कि कैसे जैतून तेल और कोको की कीमतें आसमान छू रही हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर शराब का उत्पादन साल 1961 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर है।

शराब और चॉकलेट का संकट तो हम झेल सकते हैं, लेकिन भारतीय शहरों में खासतौर से दिन और रात के तापमान में कम होता अंतर व नमी में वृद्धि सेहत के लिए एक गंभीर चुनौती है। बीतते समय के साथ यह देश में कई मौतों का कारक बन सकता है। फिर भी, इस मुद्दे पर आम चुनाव में शायद ही कोई बात की गई। मुश्किल यह भी है कि गरमी के बीत जाने के बाद हमारा रोजमर्रा का व्यवहार ज्यादा नहीं बदलता। एसी हम उसी तरह इस्तेमाल करते हैं, जैसे कोई नवधनाढ्य अपनी हैसियत का प्रदर्शन करता है, जबकि हांगकांग जैसी जगहों में सार्वजनिक स्थानों पर एसी का तापमान लाजिमी तौर पर 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रखने के निर्देश जारी किए जाते हैं।

यह विडंबना है कि अपने देश में, जहां इतनी अधिक धूप है और जिसका लक्ष्य जीवाश्म ईंधन को कम करना है, घरों में सोलर पैनल का इस्तेमाल कम होता है। जबकि, कोलंबो में मैंने देखा था कि बड़े घरों की हर छत से लेकर पास के सुपरमार्केट तक सौर पैनलों से जगमगा रहे थे। इसके बरअक्स बेंगलुरु में, जहां पर मैं रहता हूं, शहरी अव्यवस्था और गरमी बदस्तूर कायम है। यहां तक कि कोई छुट्टी में यहां से निकलना भी चाहे, तो उसकी मुश्किलें कम नहीं होतीं, क्योंकि अखबारों ने यह खबर दी थी कि पिछले महीने उड़ान भरते समय लंदन से सिंगापुर जाने वाला एक विमान हवा के भयावह विक्षोभ में फंस गया था, जो पृथ्वी की सतह के तापमान में वृद्धि के कारण पैदा होता है। स्पष्ट है, हमें अब अपनी सीट बेल्ट बांध लेनी चाहिए, क्योंकि जलवायु परिवर्तन हमारे आरामदायक जीवन को तकलीफदेह बनाने जा रहा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

दक्षिण में भी एक से एक पलटीमार

एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

ऐसा नहीं है कि पलटीमार नेता केवल उत्तर भारत में पाए जाते हैं, दक्षिण में भी ऐसे अनेक नेता हैं, जो उत्तर के नेताओं को सियासी कलाबाजी के कुछ गुर सिखा सकते हैं। जब प्राथमिक विकल्प नाकाम हो जाता है, तब रणनीतिकार अक्सर आकस्मिक योजना का विकल्प चुनते हैं। इसी तरह लगातार चुनावी कामयाबी का लक्ष्य रखने वाले राजनेता अपनी मूल रणनीति को लागू करने में निहित जोखिमों से अच्छी तरह वाकिफ होते हुए सावधानी से ‘बैकअप’ योजनाएं तैयार करते हैं। मिसाल के लिए, जब नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में भाजपा के लिए 370 सीटें और एनडीए सहयोगियों की सहायता से 400 सीटें हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा, तब उन्होंने संख्या बल में कमी की स्थिति में दक्षिणी राज्यों को अतिरिक्त समर्थन के संभावित स्रोत के रूप में देखा था। दक्षिण में सीटें जीतना उनकी वैकल्पिक योजना या प्लान-बी का हिस्सा था।

राजनीति में मूल योजना और द्वितीय योजना के नाकाम होने के बाद नेता तीसरी योजना का भी सहारा लेते देखे जाते हैं। हालांकि, यह तीसरी योजना ज्यादा मुकम्मल नहीं हो सकती। मिसाल के लिए, यदि चंद्रबाबू नायडू से फिर समर्थन लेने का मोदी का प्लान बी नाकाम हो जाता, तो उन्हें बचाव के लिए एक प्लान सी भी तैयार करना पड़ता। गौर करने की बात है कि अब तक मोदी अपने प्लान-बी को लागू कर खास फायदा लेने में कामयाब रहे हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दक्षिण की कुल 130 लोकसभा सीटों में से 29 सीटें स्वतंत्र रूप से हासिल की थीं। इसके अलावा, भाजपा को एक अतिरिक्त सीट तब मिली, जब अभिनेता अंबरीश की पत्नी सुमलता, जिन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा, जीत के बाद भाजपा में शामिल हो गईं। लोकसभा चुनाव 2024 में भी भाजपा को दक्षिण से लगभग उतनी ही, 29, सीटें मिली हैं, जबकि वह एनडीए के साथ मिलकर 45 सीटें जीतने में कामयाब रही है। वैसे दक्षिण में एनडीए की मजबूती बनाए रखने के लिए नरेंद्र मोदी को लगातार अपने कंधे पर नजर रखनी पड़ेगी। वैसे तो बिहार के एक नेता के विरोधी उनके यू-टर्न के लिए उनको ‘पलटू राम’ कहते हैं, लेकिन चंद्रबाबू नायडू उन्हें भी मौकापरस्ती व सियासी कलाबाजी के कुछ गुर सिखा सकते हैं। अपने फैसले पलटने का काम नायडू ने अपने 46 साल के लंबे सियासी करियर में बखूबी किया है।

अब यह एक इतिहास है कि 28 वर्षीय नायडू ने अपने सियासी करियर का आगाज अविभाजित आंध्र प्रदेश में वाई राजशेखर रेड्डी के साथ युवा कांग्रेस नेता के रूप में किया था। दोनों नेता अच्छे दोस्त थे, पर उनकी सियासी किस्मत ने अलग-अलग राह पकड़ ली। 30 साल की उम्र में नायडू सबसे कम उम्र के मंत्री बने थे। वह एक वफादार कांग्रेसी बने रहे, हालांकि, उनकी शादी मशहूर अभिनेता एन टी रामा राव की बेटी से हुई। रामा राव ने कांग्रेस को हटाने के मकसद से तेलुगु देशम पार्टी की स्थापना की थी। एक समय तो नायडू ने अपने ससुर के खिलाफ चुनाव लड़ने की हिम्मत दिखाई थी, पर जल्द ही उनकी हिचक दूर हुई और कांग्रेस में गिरावट को भांपते हुए नायडू ने पलटवार किया और तेलुगु देशम पार्टी में शामिल हो गए। लोग याद करते हैं कि साल 1999 में भी नायडू भाजपा के साथ मिल गए थे और रिकॉर्ड 29 लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब रहे थे। इस जीत ने उन्हें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से खास रियायतें लेने में सक्षम बना दिया था। वैसे साल 2004 और साल 2009 में वह कांग्रेस नेता राजशेखर रेड्डी के सामने टिक न सके। तब उन्होंने विपक्षी वोटों को बांटने के लिए सुपरस्टार चिरंजीवी की प्रजा राज्यम पार्टी या पीआरपी को दोषी ठहराया था। साल 2014 में जब आंध्र प्रदेश का विभाजन हुआ, तब उन्हें चिरंजीवी के भाई पवन कल्याण द्वारा शुरू की गई जन सेना के साथ गठबंधन में कोई हिचक नहीं हुई। तब नायडू को मोदी की भाजपा से भी गठबंधन करने में कोई परेशानी नहीं हुई। उनके यू-टर्न ने ही उन्हें साल 2014 में सत्ता में लौटने में मदद की थी, पर नायडू का मन ज्यादा समय तक कहां स्थिर रहता है?

साल 2018 में भाजपा के साथ उनके रिश्ते में फिर कड़वाहट घुल गई और उन्होंने आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने में केंद्र की नाकामी के विरोध में तेदेपा के दो मंत्रियों को मोदी कैबिनेट से बाहर निकल जाने के लिए कह दिया। और तो और, एक साल बाद ही 2019 में उन्होंने संसदीय चुनाव लड़ने के लिए दशकों से कट्टर दुश्मन रही कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया, पर हार गए। इसके बाद वह फिर एनडीए में लौटने के लिए संघर्ष करने लगे। मुख्यमंत्री जगनमोहन का शिकंजा कसता जा रहा था और कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें कुछ समय के लिए जेल भी जाना पड़ा था। कभी रोते हुए नायडू ने प्रतिज्ञा की थी कि वह केवल मुख्यमंत्री के रूप में ही राज्य विधानसभा में लौटेंगे। साल 2024 के चुनाव में उनकी गुहार पर जनता ने गौर किया। भाजपा ने जन सेना और तेदेपा के साथ गठबंधन में विधानसभा के साथ-साथ लोकसभा चुनावों में भी भाग लिया और मिलकर 21 लोकसभा सीटें हासिल की हैं। भाजपा को पहली बार राज्य मंत्रिमंडल में जगह मिली है। जगनमोहन की पार्टी औपचारिक रूप से एनडीए का हिस्सा नहीं है, फिर भी संसद में भाजपा का समर्थन कर रही है।

बहरहाल, चंद्रबाबू नायडू की तरह पवन कल्याण के भी स्वार्थ और अवसरवादिता से संचालित होने की बड़ी आशंका है। वह भी पलटते रहे हैं। उन्होंने अपने सियासी करियर की शुरुआत बड़े भाई चिरंजीवी के साथ की थी। मगर जब उनके बीच मतभेद सामने आए, तब जल्द ही उन्होंने रिश्ते तोड़ लिए। पवन कल्याण ने साल 2014 में जन सेना लॉन्च करके भाजपा का समर्थन किया, पर 2019 में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफलड़ गए। भारतीय जनता पार्टी पर दक्षिणी राज्यों के अधिकारों को कुचलने का आरोप भी लगा दिया। सियासी विडंबना देखिए, साल 2024 में उन्हें उसी भगवा दल के साथ गठबंधन करने में कोई परेशानी नहीं हुई। बेशक, आंध्र प्रदेश में सियासी खींचतान से वाकिफ भाजपा ने शायद अपना रास्ता तैयार कर लिया है, वह अपने गठबंधन में सहयोगियों को साथ लेकर खुद को मजबूत करने में जुटी है। गौर कीजिए, अमूमन राज्यों के सरकारी कक्षों में सिर्फ मुख्यमंत्री की तस्वीर दीवारों पर सजती है, पर आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री की तस्वीर के साथ उनके उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण की भी तस्वीर सज रही है। क्या यह अपनी मोर्चाबंदी को टूटने से रोकने का चंद्रबाबू नायडू का नया तरीका है?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मोदी की पहली विदेश यात्रा सकारात्मक

इटली के अपूलिया में संपन्न हुए जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आउटरीच सत्र में वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इस क्रम में तमाम वैश्विक राजनीतिक हस्तियों से उनका मिलना हुआ। इनमें पोप फ्रांसिस भी शामिल थे, जिन्होंने भरपूर गर्मजोशी से मोदी को गले लगाया और विचार-विमर्श किया। मोदी ने पोप को भारत आने का न्योता भी दिया। भारत में कैथोलिक इसाइयों की संख्या एशिया में दूसरे नंबर पर है।

भारत के केरल जैसे राज्यों में ईसाइयों की संख्या खासी है, इसलिए इसे संकेत माना जा रहा है कि मोदी ने भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को दर्शाया है। जी-7 यानी ग्रुप ऑफ सेवन दुनिया केसबसे अमीर और खुद को अत्याधुनिक मानने वाले मुल्कों की संस्था है।

कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, ब्रिटेन, अमेरिका और जापान ये सात देश हैं। इनकी ग्लोबल ट्रेड और वैश्विक वित्त पग्राली पर खासी पकड़ है। इस बार ये सब आर्थिक सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों को लेकर विमर्श कर रहे थे।

चूंकि भारत विकसित होती अर्थव्यवस्था है, इसलिए वे उसके सहयोग और लाभ की साझेदारी पर काम करने को इच्छुक हैं। इस सम्मेलन में दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका के साथ भारत प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को इसी खास मकसद से आमंत्रित किया गया था।

माना जा रहा है कि जी-7 देश चीन और रूस की बढ़ती आर्थिक ताकत को लेकर चिंतित हैं। इस मौके का फायदा उठाने में मोदी सफल होते नजर आ रहे हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के प्रति सरकार की जिम्मेदारी को भी मदद मिलने की उम्मीद है।

इस मसले पर बनने वाले अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों द्वारा देश में बढ़ रहे साइबर क्राइम पर सख्ती की जा सकेगी। हालांकि यह कहना गलत नहीं है कि इस गुट के पास ऐसे कोई अधिकार नहीं हैं, जिनके बल पर कोई भी निर्णय जबरन लागू कराया जा सके, मगर भारत को इन देशों से जो सहयोग और लाभ मिल सकते हैं, उनके प्रति यदि मोदी सफल होते नजर आते हैं तो यह देश के भविष्य के लिए बेहतर करने का घटनाक्रम ही कहा जाएगा।

निस्संदेह इनसे जुड़े परिणामों के लिए अभी इंतजार करना होगा। मगर कुल मिलाकर दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी की यह पहली विदेश यात्रा सकारात्मक कही जा सकती है, जिसके परिणाम आने वाले वर्षों में यकीनन नमूदार होंगे।

पुलिस की इंट्री आश्चर्य

राजधानी दिल्ली में पानी संकट के बीच पुलिस की इंट्री आश्चर्य पैदा करती है। अब पानी को माफिया से बचाने के लिए पुलिस को ज्यादा चौकस रहना होगा। पानी माफियाओं के बढ़ते दखल के बाद अब कम-से-कम पुलिस को ज्यादा मेहनत करनी होगी।

इस बाबत पुलिस फोर्स ने चौकियां स्थापित की हैं और दिल्ली को पानी की आपूर्ति करने वाली नहर के हरियाणा की सीमा पर 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त शुरू कर दी है। दरअसल, राजधानी इस सीजन में पानी का अभूतपूर्व संकट झेल रहा है। गर्मी की शुरुआत से ही यहां पानी की भारी किल्लत होने लगी थी, मगर न तो दिल्ली की सरकार ने और न केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान दिया। जब तपिश अपने चरम पर पहुंची और जल के लिए त्राहिमाम हुआ तब इधर-उधर से पानी मांगे जाने का प्रपंच शुरू हुआ।

वैसे, यह सिर्फ इस सीजन की बात नहीं है। हर साल पानी को लेकर दिल्ली की दुरियां चरम पर रहती है। इस बार ज्यादा गर्मी की वजह से मामला चर्चा में आया। बहरहाल, भले टैंकर माफिया पर नकेल कसने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई हो, मगर जो हालात पानी को लेकर दिल्ली की दिखती है उसमें खाकी की भूमिका बहुत ज्यादा नहीं है। उसकी वजह बहुत साफ है। एक तो दिल्ली का अपना पानी का कोई सिस्टम नहीं है। पानी का ज्यादातर हिस्सा यमुना नदी का है। कुछ बोरवेल दिल्ली सरकार ने लगवाए हैं।

मगर ये सब कार्य पानी की अभी की स्थिति के सामने बहुत छोटी है। यही वजह है कि पानी के लिए कभी हरियाणा तो कभी उत्तर प्रदेश तो कभी हिमाचल प्रदेश के आगे चिरौरी करनी पड़ती है। अगर दिल्ली को पानी के संकट से निजात पाना है तो उसे सबसे पहले पानी के पूर्व के स्रोतों पर काम करना होगा। इसके अलावा पानी माफिया पर कड़ा रुख दिखाना होगा। पानी की चोरी और उसके बेवजह बह कर बर्बाद होने पर भी नजर रखनी होगी। छोटे-छोटे प्रयास के दम पर ही हम दिल्ली को इस समस्या से उबार सकते हैं।

अदालत की चौखट तक जाने से पहले हमें उन पारंपरिक जल स्रोतों पर गंभीरतापूर्वक काम करना होगा। हिमाचल या हरियाणा से पानी मंगाने का चलन अब बंद होना चाहिए। दिल्ली की जनता को भी इस मामले में ईमानदार और सजग रहने की जरूरत है क्योंकि अंततः भोगना उन्हीं को पड़ता है। दिल्ली में पानी की समस्या बड़ी तो है, मगर उतनी बड़ी नहीं कि उसका निदान न हो।

उम्मीदवारों का चयन सही साबित हुए

रजनीश कपूर

अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है।’ इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता।

ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद। यहां बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। अनुच्छेद 370 का हटाना। तीन तलाक को खत्म करना। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह ‘अबकी बार 400 पार’ के अपने नारे को सच कर दिखाएंगे, परंतु ऐसा न हो सका।

ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौन सी कमी उनकी नीति में थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी कार्यकर्ताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोक सभा चुनावों में देखा गया? क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गए गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहां पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के लिए पूजनीय अयोध्या, रामेरम में मिली हार और प्रधानमंत्री को वाराणसी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत भी सवालों के घेरे में है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का ‘अहंकार’ की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई।

जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मर्यादा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनाव को इतने चरणों में बांटने से भी कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकर्ताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षों में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं, जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएंगे।

इसी के चलते भी कार्यकर्ताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और उनके कार्यकर्ताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और ‘इंडिया’ गठबंधन के घटक दलों का उन पर भरोसा, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनाव में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहां की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा सकता है जो बुनियादी मुद्दों से भटका दिये गए हैं।

इतना ही नहीं, जिस तरह समाजवादी पार्टी को एक विशेष वर्ग के लोगों की पार्टी माना जाता था, उसका भी भ्रम इस बार के चुनावों में टूटा है।

सभी हिंदू तीर्थ स्थलों में सपा ने भाजपा को शिकस्त दी है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह ‘एम-वाई’ फैक्टर को नए रूप में पेश किया वह भी काम कर गया है। जिस तरह भाजपा हर समय चुनावी मूड में रहती है यदि विपक्षी पार्टियां भी उसी मूड में रहें तो भाजपा को कड़ी टक्कर दे पाएंगी। इसके साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही इस बात पर भी तैयार रहना चाहिए कि यदि किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो गठबंधन की सरकार ही विकल्प होता है। यदि कोई भी दल इस अहंकार में रहे कि वो एक बड़ा और प्रभावशाली राजनैतिक दल है और विपक्ष दशर्क दीर्घा में बैठने के लिए है तो फिर उसे तब झटका लगेगा ही जब उसे सरकार बनाने के लिए अन्य दलों के आगे झुकना पड़ेगा। हर दल को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। गठबंधन की सरकार में हर वो दल जिसके पास अच्छी संख्या हो वह किसी न किसी बात पर उखड़ भी सकता है। इसलिए भलाई इसी में है कि अपनी गलतियों से सबक लिया जाए और ‘सबका साथ और सबका विकास’ अमल में लाया जाए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

कलेक्टर के सख्त निर्देशों के बाद उदयपुर-झिरमिट्टी सड़क नवीनीकरण कार्य में आई तेजी, बीटी कार्य जारी

अम्बिकापुर। कलेक्टर विलास भोसकर द्वारा गत रविवार को उदयपुर का औचक दौरा किया गया जहां उन्होंने उदयपुर-झिरमिट्टी सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस सड़क का संधारण कार्य मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जा रहा है, जिसकी लंबाई लगभग चार किमी है। औचक निरीक्षण के दौरान सड़क संधारण कार्य में लापरवाही को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को नवीनीकरण कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निरीक्षण के बाद सड़क के नवीनीकरण कार्य में तेजी आई है और सोमवार से सड़क पर बीटी कार्य चालू कर दिया गया है। आम जन की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों और ठेकेदार को जल्द ही कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया है।

छत्तीसगढ़ का राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 24 से 27 जून तक

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी किया है। इस सूचना अनुसार 24, 25, 26 और 27 जून 2024 को संभाग मुख्यालय रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर एवं बिलासपुर में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इन सभी संभाग मुख्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें 24 जून 2024 सोमवार को प्रथम पाली सुबह 9 बजे से 12 बजे तक पहला प्रश्न पत्र भाषा, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक में दूसरा प्रश्न पत्र निबंध का परीक्षा होगा। 25 जून 2024 मंगलवार को सुबह 9 से 12 बजे में तीसरा प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-प्रथम और दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चौथा प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-द्वितीय का परीक्षा होगा। 26 जून 2024 बुधवार को सुबह 9 से 12 बजे पांचवा प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-तृतीय और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक छठवां प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-चतुर्थ का परीक्षा होगा। 27 जून 2024 गुरुवार को सुबह 9 से 12 बजे तक सातवां प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन-पंचम का परीक्षा आयोजित किया जाएगा। इन सभी परीक्षा के लिए आयोग द्वारा प्रवेश पत्र 14 जून 2024 को जारी कर दिया गया है, जिसे अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट (पीएससी डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन) से डाउनलोड कर सकते हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने ली आयुष विभाग की समीक्षा बैठक

बिलासपुर। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरपी चौहान की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय परिसर में आयुर्वेद विभाग बिलासपुर एवं मुंगेली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सीईओ चौहान ने चिकित्सकों से उनके कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में कार्यालय आने के निर्देश दिए। उन्होंने जन सामान्य को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कहा। साथ ही विजन डाक्यूमेंट का कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। बैठक में डॉ. अनिल सोनी ने विभागीय गतिविधियों के बारे में बताया। जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक संस्था में पर्याप्त मात्रा में औषधि उपलब्ध करा दी गई है।

प्रयास के 33 छात्रों का आईआईटी में हुआ चयन मेहनत ने दिलाई सफलता, सपने हो रहे साकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। गांवों के युवाओं का अब सपना साकार होने लगा है। रायपुर के सड्डू स्थित प्रयास में तैयारी कर रहे 33 छात्रों ने जेईई मेंस एडवांस की परीक्षा में उत्तीर्ण कर आईआईटी में क्वालीफाई कर परचम लहराया है। युवाओं ने कड़ी मेहनत से एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। इससे उनका उत्साह दोगुना हो गया है। इन युवाओं का सपना है कि वे बेहतर संस्थान से शिक्षा लेकर गांवों की तरक्की कर आगे बढ़ाए।

इनकी काउंसिल प्रक्रिया चल रही है. जल्द ही उन्हें अच्छे संस्थान आबंटित हो जाएंगे। चयनित युवाओं ने राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। मानपुर-मोहला जिले के भर्रीटोला गांव के निवासी कुलदीप कुमार ने कैटेगरी रैंक में 459 वां स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से शासन द्वारा संचालित प्रयास कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत है। साथ ही जेईई एडवांस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। यहां शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पढ़ाई की जाती रही है। श्री कुलदीप चाहते है कि खड़गपुर आईआईटी संस्थान से मैकेनिकल ब्रांच में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर अच्छी संस्थान में जॉब करना चाहते है।

जशपुर के रूद्राक्ष भगत ने कैटेगरी रैंक में 825 वां स्थान हासिल किया है। वे कम्प्यूटर साइंस ब्रांच की पढ़ाई करना चाहते है। उनका सपना है कि साफ्टवेयर इंजीनियर बनकर खुद की कंपनी बनाए। वे इस क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार देना चाहते है।

जगदलपुर के दरभा के शुभम कश्यप कहते है कि वे दूरस्थ क्षेत्र से है, उनकी बचपन से इच्छा थी कि अच्छा इंजीनियर बनकर प्रदेश की सेवा करें और अपने गांव के विकास में योगदान दें। मगर वहां ऐसी सुविधा नहीं थी, तभी हाईस्कूल की पढ़ाई के समय में प्रयास कोचिंग संस्थान के संबंध में जानकारी मिली। उन्होंने प्रक्रिया पूरी कर प्रवेश लिया और जमकर मेहनत की। उनका 1801 वां कैंटेगरी रैंक आया है। हमारा प्रदेश एक खनिज बहुल राज्य है। अत: माइनिंग इंजीनियर बनकर यहां की प्रगति में योगदान देना चाहते है।

सरगुजा के ग्राम बतौली के निवासी श्री आदर्श राज पैंकरा ने 1661 वां कैटेगरी रैंक प्राप्त किया है। वे आईआईटी मुंबई में प्रवेश लेकर माइनिंग ब्रांच में पढ़ाई करना चाहते है। वे कहते है कि आज वे जिस स्थान में हैं, प्रयास कोचिंग संस्थान के मार्गदर्शन फलस्वरूप ही है। बालोद के ढोमनी गांव के लीलाधर ठाकुर ने जेईई में कड़ी मेहनत कर उत्तीर्ण किया है। वे कहते है कि आगे की पढ़ाई एक बेहतर संस्थान में प्रवेश लेकर आगे की पढ़ाई करना चाहते है।

केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने भव्य स्वागत किया

बिलासपुर। केंद्रीय राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर पहुंचे तोखन साहू का भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने काफी उत्साह के साथ उनका स्वागत किया. वे आज दोपहर रायपुर से ट्रेन द्वारा बिलासपुर पहुंचे. रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंत्रिमंडल में शामिल होना उनके लिए गर्व की बात है. उन्होंने बिलासपुर लोकसभा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया। कैबिनेट मंत्री की बजाय राज्य मंत्री बनाए जाने के सवाल पर साहू ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में स्थान मिलना ही गौरवपूर्ण है, चाहे वह राज्य मंत्री का पद ही क्यों न हो. उन्होंने कहा कि ना केवल बिलासपुर बल्कि पूरे प्रदेश का तेजी से विकास होगा. डबल इंजन की सरकार पूरे जोश और मन से काम करेगी. वहीं ट्रेन के सही समय पर पहुंचने के बारे में पूछे जाने पर साहू ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के तहत ट्रेनें अब इसी रफ्तार से चलेंगी।

आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने में न हो कोई परेशानी : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्डधारी मरीजों को ईलाज में किसी प्रकार की समस्या न हो इस बात को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है तथा गरीब परिवार के सदस्यों को मुफ्त ईलाज की सुविधा प्रदान करती है। उन्होने कहा कि शासकीय अस्पतालों के साथ ही जिले में अनुबंधित कुल 13 निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने में समस्या न हो। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई बाधा ना आये। किसी क्षेत्र विशेष में कोई समस्या हो तो उसे दूर करने के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि एसडीएम के द्वारा ली जाने वाली बैठको में विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को शामिल होकर स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कोई समस्या ही तो जरूर बतायें। उन्होने विगत दिवस जिला मुख्यालय में हुई अप्रिय घटना में पीड़ितों का निशुल्क ईलाज कि व्यवस्था तथा दस्तावेजों का संधारण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की वर्तमान परिस्थिति के मद्देनजर सभी अस्पतालों में जिला कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 9479190629 तथा एम्बुलेंस कॉल नंबर को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए. इसके साथ ही अस्पताओं से निकलने वाले जैव अपशिष्ट पदार्थों के उचित निपटान के लिए उपयुक्त व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम में मौसमी बिमारियों के रोकथाम के लिए शहरी एवं मैदानी क्षेत्रों में बेहतर तैयारी करने के निर्देश दिए।

जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल ने मनाया फादर्स डे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल ने बड़े ही धूमधाम से फादर्स डे का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में यूथ मेंबर के लगभग 15 पैरेंट्स उपस्थित थे, साथ ही चैप्टर के को-इंचार्ज जेसी एच जी एफ गौरव कोचर, पास्ट प्रेसिडेंट जेसी शुभम बरडिया, जेसी राशि कौर, प्रेसिडेंट जेसी आदित्य पारख और सभी मेंबर्स भी शामिल हुए।

फादर्स डे का यह आयोजन बेहद खास रहा, जहां यूथ टीम ने फादर्स के साथ मिलकर इसे बहुत ही सुंदर तरीके से मनाया। सभी फादर्स का स्वागत तिलक और पेन देकर किया गया। इस अवसर पर पैरेंट्स ने एक दूसरे को जाना और समझा, और पैरेंट्स और बच्चों के बीच बढ़ती दूरियों को खेलों के माध्यम से कम करने की कोशिश की।

कार्यक्रम में फादर्स के लिए कई एक्टिविटीज और गेम्स आयोजित किए गए, जिनमें प्रमुख थे: 1. टैगलाइन का अनुमान लगाएं और वस्तु को पकड़ें: - प्रथम: सतीश अग्रवाल - दूसरा: रवि बरड़िया 2. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (नो योर फादर): - प्रथम: शुभम और रवि बरड़िया - द्वितीय: आस्था और आनंद यादव 3. पहचान कौन?: - प्रथम: पारस और महेश अग्रवाल - द्वितीय: महावीर जैन सभी पैरेंट्स ने गेम्स के दौरान बहुत सारे प्राइज भी जीते और अपने पुराने दिनों को याद किया।

फादर्स ने अपने समय के गीत गाकर भी आनंद लिया। तत्पश्चात, सभी के साथ मिलकर फादर्स डे स्पेशल केक सेरेमनी की गई। इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रोग्राम डायरेक्टर जेसी नैंसी बरडिया और जेसी पारस अग्रवाल ने इमिडिएट पास्ट प्रेसिडेंट जेसी राशि कौर की गाइडेंस में तैयार की थी।

अंत में पैरेंट्स ने अपने रिमार्क्स में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए ताकि न्यू जनरेशन के बच्चों के साथ पैरेंट्स का कम्यूनिकेशन गैप कुछ हद तक कम हो सके। अध्यक्ष जेसी आदित्य पारख ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि पिता को उनके बच्चों द्वारा एक नए और अनोखे तरीके से ग्रेटिट्यूड मिल सके।

खाद्य मंत्री एवं राजस्व मंत्री ने संयुक्त जिला कार्यालय में हुई आगजनी की घटना का किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सोमवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने गत दिवस असामाजिक तत्वों के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय में की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान भाटापारा विधानसभा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. सनम जाँगड़े, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी उपस्थित थे। मंत्री द्वय ने स्थानीय

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ पूरे भवन के बाहरी क्षेत्र का घूम -घूम कर मुआयना किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होने क्षतिग्रस्त हिस्से में चल रहे रेनोवेशन कार्य का जायजा लेते हुए तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने घटना के दौरान क्षतिग्रस्त हुए वाहनो के दास्तावेज संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिए जा रहे आवेदनों का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में डीएमएफ के विभिन्न निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डीएमएफ मद से किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं क्रियान्वयन इकाई के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र कोरबा के विवेकानंद शैक्षणिक परिसर, ई-लाइब्रेरी, इंदिरा स्टेडियम परिसर, अशोक वाटिका, दर्री के रिवर व्यू गार्डन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों का अवलोकन कर प्रगतिरत अपूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रिसदी के समीप निर्मित विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के सभी हॉल, दुकानों का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य के संबंध में पूरी जानकारी ली।

उन्होंने कहा की एक ही छत के नीचे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के लिए यह परिसर तैयार किया गया है। इसके संचालन से नगरवासियों को काफी लाभ मिलेगा। इस हेतु परिसर में जल्द से जल्द कोचिंग एवं दुकानों के संचालन हेतु निगमायुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार कलेक्टर ने डिंगापुर स्थित ई-लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण करते हुए रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष, सभा कक्ष, श्रव्य दृश्य कक्ष, समूह चर्चा कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से लाइब्रेरी में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उनके एकाग्र अध्ययन हेतु सुविधाजनक वातावरण के विकास हेतु जरूरतों के संबंध में विस्तृत चर्चा भी की। कलेक्टर ने कहा कि जिले के युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अध्ययन का माहौल और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ई लाइब्रेरी निर्मित की गई है। उन्होंने लाइब्रेरी में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं परिसर की नियमित साफ सफाई एवं सामग्रियों की उचित रख रखाव करने हेतु निर्देशित किया।

खेल सुविधाओं के उन्नयन हेतु किया निर्देशित

ट्रांसपोर्ट नगर के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम पहुँचकर कलेक्टर ने परिसर मे डीएमएफ से स्वीकृत अतिरिक्त निर्माण कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने परिसर में खेल सुविधाओं का उन्नयन करने हेतु कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों के आवासीय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, हॉस्टल, स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट आदि का निरीक्षण करते हुए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल अकादमी परिसर के माध्यम से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने परिसर में रिक्त जमीन पर एक अतिरिक्त इनडोर स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...

न्यू जलपाईगुड़ी में रेल हादसे पर सीएम साय ने जताया दुख, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुए रेल हादसे पर दुख जताया है। घटना में मृत लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी में हुए रेल हादसे की दुखद सूचना प्राप्त हुई है। घटना स्थल पर रेलवे, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम तेजी से राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं एवं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बता दें पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी के पास खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में पीछे से एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। रंगापानी और निजबाड़ी के पास हुए हादसे में तीन बोगियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुईं। इस हादसे में 15 लोगों की मौत और 60 लोग घायल हुए हैं। रेल हादसे पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हादसे के पीड़ितों को दी जाने वाले अनुग्रह राशि में बढ़ोत्तरी की गई है। इसमें मरने वाले के परिजनों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.5-2.5 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल होने वालों को 50-50 हजार सहायता राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को किया नमन

रायपुर (ए.)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 जून को रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति को नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि झांसी की रानी ने मातृ भूमि के गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। वे सच्चे अर्थों में वीरांगना थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई शौर्य, पराक्रम, साहस की प्रतिमूर्ति और नारी शक्ति की मिसाल हैं, उनका व्यक्तित्व केवल महिलाओं के लिए ही नहीं पूरे समाज तथा देश के लिए प्रेरणा स्रोत है।

जल भराव की स्थिति से निपटने की हो पूरी तैयारी

प्रभारी मंत्री ने की वर्षा पूर्व नगर निगम की तैयारियों की समीक्षा

रायपुर (ए.)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज नगर निगम रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर वर्षा पूर्व जल भराव तथा नालों के जाम से निपटने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव क्षेत्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है एवं बाढ़ आपदा से बचने हेतु नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 70 वार्डों के नालों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए। यदि जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो तो इससे निपटने के लिए भी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जोन के स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा जोन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर स्थिति के ऊपर नजर रखा जाए।

नगर निगम रायपुर के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि आपदा की स्थिति में सहायता के लिए 24 × 7 घंटे सेवा प्रदान करने के लिए आपातकालीन व्यवस्था की गई है। इसके लिए दूरभाष नंबर भी जारी किया गया है। दूरभाष नंबर 0771-2272101, 0771-2274101 जारी किया गया है। नगर पालिक निगम रायपुर की ज्वाईंट टीम तैयार कर ली गई है, जिसमें आपातकालीन व्यवस्था की गई है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का मुख्यालय मोटर कर्मशाला कार्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास रायपुर में बनाया गया है। जिसके लिये नोडल अधिकारी नियुकत किये गये हैं। श्री विनोद पाण्डेय प्रभारी अधिकारी मोबाइल नंबर +91-9424264100 एवं लिंक अधिकारी श्रीमती डॉ. तृप्ति पाणीग्रही मोबाइल नंबर +91-9691285715 है। मोटर कर्मशाला में श्री प्रदीप यादव कार्यपालन अभियंता मो.नं. +91-9301953219 होंगे । अतिवृष्टि की स्थिति में समस्त जोन आयुक्त बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी के रूप में कार्य करेंगे।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि आपदा से निपटने सभी आवश्यक सामाग्रियां (रेत के बोरे/ इक्वीपमेंट्स) मजदूरों की व्यवस्था की गई है। जो 3 पाली में जोन स्तर पर उपलब्ध रहेंगे। बाढ़ प्रभावित परिवारों के रहवास के लिये शालाओं का चयन कर लिया गया है, जहां प्रभावित पीड़ित परिवारों को रखा जाएगा। अतिवृष्टि होने पर सभी जोन में टूल्लू पंप के जरिये जलभराव से निपटने की व्यवस्था की गई है।

मंत्री श्री कश्यप ने बैठक में कहा कि वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारी के मामले सामने आते हैं अत: ऐहितियातन मौसमी बीमारी से निपटने के लिए भी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। अधिकारियों ने बताया कि मौसमी बीमारियों के संबंध में वर्षा ऋतु से पहले ही बैठक लेकर तैयारी की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ सतत समन्वय कर कार्य किया जा रहा है। निजी अस्पतालों को स्लम एरिया में कैंप करने निर्देशित किया गया है। निगम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक काम्बैट टीम तैयार की गई है, जो किसी भी प्रकार की महामारी से निपटने के लिए तैयार है। स्लम एरिया का चिन्हांकन कर लिया गया है। बीएसयूपी के आस-पास तालाब वाले स्लम एरिया में जहां विगत तीन सालों में डायरिया, डेंगू आदि के प्रकरण मिले हैं। वहां एनसीडीसी की टीम के साथ सर्वे कर चिन्हांकित किया जा रहा है। तालाबों में गम्बूजिया मछली छोड़ी जा रही है, जो डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित मच्छरों के लार्वा को खा जाता है।

डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव - सभी स्थानों जहां जलभराव है, वहां मलेरिया /जला ऑयल डाला जायेगा। खाली गड्ढों को पाटा जाएगा। एंटी लारवा का छिड़काव डोर टू डोर जाकर किया जायेगा। सुबह-शाम फागिंग करवाकर वयस्क मच्छरों से बचाव किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत् मोबाईल मेडिकल यूनिट लगातार ऐसे स्थानों में कैंप कर मरीजों को राहत प्रदान किया जा रहा है। स्वच्छता दीदियों के माध्यम से डोर टू डोर जागरूकता फैलाई जा रही है।

मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि सभी हैंडपंप, बोरिंग एवं पावर पंप की मरम्मत का अभियान चलाकर समय के पूर्व चाक-चौबंद व्यवस्था कर लिया जाए। हैंडपंप के चारों ओर चबूतरा बनाया जाये एवं पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि नदी नाले-तालाब का गंदा पानी पीने से होने वाली संक्रामक बीमारियों जैसे उल्टी दस्त, पीलिया आदि के प्रति अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए। समस्त जोन के जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक अपने-अपने जोन में सब्जी बाजार, होटल, जलपान गृह, गन्ने एवं फलों के रस की दुकान आईस्क्रीम पार्लर बेकरी, मटन मुर्गा आदि दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें और एवं नियमानुसार सड़े गले फल, सब्जी, मिठाई, मटन, मछली आदि के विनिष्टीकरण करने के निर्देश दिए।

मोदी राज में रेल यात्रा असुरक्षित और घातक हो गयी है - कांग्रेस

रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री इस्तीफा दे

रायपुर (ए.)। पश्चिम बंगाल के जलपाई गुड़ी में हुई रेल दुर्घटना पर कांग्रेस ने गहरा दुख व्यक्त करते हुये मृतकों के प्रति संवेदना तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दुनिया में सबसे सुरक्षित यात्रा मानी जाने वाली भारतीय रेल मोदी राज में असुरक्षित और घातक बन गयी है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने रेलवे को बर्बाद कर दिया है। दुर्घटना, लेटलतीफी, अचानक रद्द होना भारतीय रेल की नई पहचान बन चुकी है।

शुक्ला ने कहा कि पश्चिम बंगाल के जलपाई गुड़ी रेल दुर्घटना रेल मंत्रालय की घोर लापरवाही दिख रही है। एक ही ट्रैक में दो ट्रेनों के आने के चलते गंभीर रेल हादसा हुआ है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को रेल मंत्रालय के द्वारा बरती गई लापरवाही गैर जिम्मेदाराना रवैया की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पूरे हादसे की बारीकी से जांच होनी चाहिए और जितने भी लोग इस घटना के लिए दोषी है उन सब पर भी कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा जो रेल के लिए कवच बनाया गया था जिसमें दावा किया गया था कि 2 ट्रेनें अगर आमने सामने होगी तो कवच उसकी सुरक्षा करेगी वह कवच कहां है? क्या आम जनता को भरमाने के लिए ही इस प्रकार से दावा किया गया जिन ट्रेनों में हादसा हुई क्या उन ट्रेनों में कवच नहीं लगाया गया था? नरेंद्र मोदी देश की जनता को जवाब देना चाहिए 10 सालों में रेल हादसे में 400 से अधिक लोगों की जानें गई है, 2000 से अधिक लोग घायल हुए हैं, राष्ट्र की संपत्ति को नुकसान अलग हुआ इसकी नैतिक जिम्मेदारी भी नरेंद्र मोदी की है।

टेकारी में 5 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर शुरू

रायपुर (ए.)। ग्राम टेकारी (कुंडा) में 5 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार से शुरू हुआ। संचालनालय आयुष (छग) व जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय टेकारी में पदस्थ डा. ललिता शर्मा द्वारा यह आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेकारी के योग प्रशिक्षक नीलू जोशी द्वारा योग प्रदर्शन व प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है शिविर का समय पूर्वाह्न 7 से 9 बजे है। शिविर का समापन आसन्न 21 जून को होगा।

महाराष्ट्र मंडल के केंद्रों ने किया राम रक्षा स्तोत्र व हनुमान चालीसा पाठ

रायपुर (ए.)। महाराष्ट्र मंडल की आध्यत्मिक समिति की ओर से शुरू किए गए राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा पाठ का साप्ताहिक सिलसिला 24वें सप्ताह शनिवार की शाम को जारी रहा। मंडल के कई केंद्रों की महिलाओं ने समीस्थ मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का कई बार पाठ किया।

आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को होने वाले राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा के पाठ से मनुष्य भय रहित हो जाता है। बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ करते समय अनेक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान सुनील गायकवाड़, शुभम अग्रवाल, भूपेन डागा, राजेश कदम, प्रणिता नलगुंडवार, अंजलि नलगुंडवार, ज्योति पवार, हेमा पराडकर सहित कई भक्तगण व महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद उपस्थित रहे।

इधर सरोना केंद्र की महिला सभासदों ने सालासर ग्रीन्स स्थित हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान जयश्री ढेकणे, सुरेखा पाठक, आरती ठोंबरे, मीना परदेशी, दीप्ति शिलेदार, विभा पांडे, प्रविणा बापट, शांति महाजन, शिखा चोरनेले और ज्योति अग्रवाल प्रमुख रुप से उपस्थित थीं।

तात्यापारा चौक स्थित प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में तात्यापारा केंद्र की वरिष्ठ सभासदों ने कई बार राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। निशा राहटगांवकर और प्रभा हिशीकर के नेतृत्व में पाठ के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उपस्थित रही। पाठ करने वालों में प्रमुख रूप से कुमुद कान्हे, संध्या खंगन, अलका संत, प्रदुम्न्य कुसरे, उषा कुसरे, वर्षा डांगे, रेखा डोनगांवकर, सौ. भागवतकर, श्रीमती गुप्ता शामिल रहीं। इसके अलावा भी महाराष्ट्र मंडल के अनेक केंद्रों की महिलाओं ने समीपस्थ मंदिरों में जाकर राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का स्वस्फूर्त पाठ किया।

विशाल डेकाटे, सुरभि मोदी, कवीश काला और समाया पांडे बने विजेता

खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता में दिखाया दम

रायपुर (ए.)। राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा आयोजित स्व ज्ञान चंद लुनिया स्मृति- तृतीय रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का समापन को सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में हुआ। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की तकनीकि समिति के चेयरमेन अरविंद कुमार शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के कोषाध्यक्ष शिशिर गुप्ता ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के विजेता और उपविजेताओं की घोषणा की गई।

सीनियर पुरुष वर्ग विजेता: विशाल डेकाटे, उपविजेता: एंड्रयू टी विलियम्स, तृतीय स्थान: अर्जुन मल्होत्रा, अन्य स्थान: यशवंत डेकाटे, शैलेष डागा, रामजी कुमार, गिरिराज बागड़ी, कवीश काला, सीनियर महिला वर्ग विजेता: सुरभि मोदी, उपविजेता: आहना सिंह, तृतीय स्थान: समाया पांडे, अन्य स्थान: लावण्या पांडे, आरना खोटेले, वेदी कच्छवाहा, रेणुका सुब्बा, आन्या काला, सब जूनियर (अंडर-15) बालक वर्ग विजेता: कवीश काला, उपविजेता: नैतिक अग्रवाल, तृतीय स्थान: आर्यन सिंह, अन्य स्थान: राघव तिवारी, श्रेष्ठ मिश्रा, विहान अग्रवाल, अद्विक सिंह सेंगर, आरव आहुजा, सब जूनियर (अंडर-15) बालिका वर्ग विजेता: समाया पांडे, उपविजेता: आहना सिंह, तृतीय स्थान: वेदी कच्छवाहा, अन्य स्थान: लावण्या पांडे, माहविश अंसारी, माहविन अंसारी, प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार थे और सहायक निर्णायक तरुण राठोड़ एवं अरुण बावरिया थे। इस अवसर पर गिरिराज बागड़ी, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे, अजीत बेनर्जी, बी. चंद्रा, कु. जया साहू, हेमराज डेकाटे, प्रियंक पांडे, अनुप तांडी, श्रीमती अग्रवाल एवं अन्य सदस्य, प्रशिक्षक, खिलाड़ी, पालक उपस्थित थे।

कृषि विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने चलाया स्वच्छता अभियान

रायपुर (ए.)। राष्ट्रीय सेवा योजना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के छात्र-छात्राओं की टीम द्वारा सोमवार को धरमपुरा- माना एयरपोर्ट मार्ग मे पी डब्लू डी द्वारा बनाये गये छत्तीसगढ की संस्कृति पर आधारित मूर्तियो वाले स्थान को चिन्हित कर स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमे सैकड़ो की संख्या मे छात्र छात्राओ ने श्रमदान कर सफाई किए।

इस पर कृषि विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओ द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए इस जोन को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कार्य योजना बनाया और आज सैकड़ो की संख्या मे सफाई अभियान चलाया।छात्रो की ओर से हेम प्रकाश वर्मा, विक्रम चन्द्रवंशी, निखिल तिवारी, गुंजन आदि सैकड़ो छात्रो के नेतृत्व मे यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अभियान के लिए विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डा पी के सांगोडे के मार्गदर्शन मे कार्य किया। मौके पर कृषि महाविद्यालय रायपुर के एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय भारिया तथा डॉ जी एल शर्मा, ब्यूटीफिकेशन अधिकारी उपस्थित हुए।

जहीर इकबाल और बहन सोनाक्षी सिन्हा ने की बैचलर पार्टी

उधर वायरल हुआ भाई लव सिन्हा का क्रिप्टिक पोस्ट

अभिनेता-राजनेता शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी को लेकर खबरों में बनी हुई हैं। सोनाक्षी जल्दी ही अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। चर्चा है कि अभिनेत्री 23 जून को जहीर इकबाल से शादी करेंगी, वह भी पूरे सात साल की डेटिंग के बाद। जी हां, सोनाक्षी और जहीर एक-दूसरे को सात सालों से डेट कर रहे हैं और अब दोनों शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं। हाल ही में जहीर की बेचलर पार्टी से भी तस्वीरें सामने आई थीं। यही नहीं सोनाक्षी ने भी अपनी गर्ल गैंग के साथ जबरदस्त पार्टी की, जिसकी फोटोज एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर कीं। इन तस्वीरों में सोनाक्षी के साथ उनकी फ्रेंड और अभिनेत्री हुमा कुरैशी भी दिखाई दे रही हैं।

सोनाक्षी सिन्हा को इंस्टाग्राम पर फॉलो नहीं करते भाई लव सिन्हा

सोनाक्षी के भाई लव सिन्हा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर बाकू की अपनी वेकेशन की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। जिसके साथ कुछ ऐसा लिखा है, जिसे लेकर लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि लव इस शादी को लेकर शायद खुश नहीं हैं। हैरान करे वाली बात तो ये है कि इस आर्टिकल को लिखे जाने तक लव सोनाक्षी को इंस्टाग्राम पर अपनी बहन फॉलो भी नहीं कर रहे थे।

चर्चा में लव सिन्हा का पोस्ट

लव सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर अपनी बाकू वेकेशन की तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'समय के साथ समस्या यह है कि हमारे पास यह कभी भी पर्याप्त नहीं होता।' इसके साथ लव ने मेमोरीज, थ्रोबैक और बाकू जैसे हैशटैग इस्तेमाल किए हैं। इस बीच सोनाक्षी की बेचलर पार्टी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने खुद अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह अपनी गर्ल गैंग के साथ दिखाई दे रही हैं। तस्वीरों में सोनाक्षी और उनका गर्ल स्क्वाड ब्लैक लुक में दिखाई दे रहा है।

सोनाक्षी-जहीर का वॉइस इनवाइट हुआ था वायरल

बता दें, पिछले दिनों सोनाक्षी का एक ऑडियो इनवाइट भी चर्चा में था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इस ऑडियो इनवाइट में सोनाक्षी और जहीर को अपनी शादी के लिए गेस्ट को इनवाइट करते हुए सुना जा सकता है। दूसरी तरफपिछले दिनों ही शत्रुघ्न सिन्हा ने बेटी की शादी पर रिएक्शन दिया था और कहा था कि 'मेरे आस-पास के लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि मुझे इसकी जानकारी क्यों नहीं है, जबकि मीडिया को है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि आज-कल के बच्चे मां-बाप का कंसेंट नहीं लेते, सिर्फउन्हें जानकारी देते हैं और हम भी बताए जाने का इंतजार कर रहे हैं।' शत्रुघ्न सिन्हा के इस बयान की हर तरफखूब चर्चा थी।

विवादास्पद बयानों के कारण स्वरा को फिल्मों में मिले कम अवसर

बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर इन दिनों अपने मदरहुड को एंजॉय कर रही हैं। शादी के बाद स्वरा ने बड़े पर्दे से दूरी बनाई हुई है। 'वीरे दी वेडिंग', 'तनु वेड्स मनु', 'रांझणा' और 'अनारकली ऑफ आरा' जैसी फिल्मों में स्वरा ने अपना जबर्दस्त अभिनय प्रदर्शन दिखाया गया है। अभिनेत्री को उनके बेबाक बयानों के लिए भी जाना जाता है। स्वरा को लगता है कि अपनी बात स्पष्ट तरीके से रखने और राजनीतिक विचारों के कारण उन्हें काम के कम अवसर मिले हैं।

स्वरा भास्कर ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मुझे एक विवादास्पद अभिनेत्री के रूप में टैग किया गया है। निर्देशक, निर्माता और वितरक आपके बारे में बुरा बोलना शुरू कर देते हैं। आपकी एक छवि बन जाती है। ऐसा नहीं है कि यह मुझे चिंतित नहीं करता है, लेकिन मैं खुद को बचाए रखने में कामयाब रही हूं। मगर जो बात मुझे सबसे ज्यादा दुख पहुंचाती है, वह यह है कि मैं उस चीज से संतुष्ट नहीं हो पाई जिसे मैं सबसे ज्यादा पसंद करती हूं और वो अभिनय है।'

अभिनेत्री ने कहा, 'मेरी बेटी राबिया के जन्म से पहले अभिनय मेरा सबसे बड़ा जुनून और मेरा सबसे बड़ा प्यार था। मुझे अभिनय और अभ्यास पसंद था। मैं बहुत सारी भूमिकाएं और अभिनय करना चाहती थी। मुझे उतने मौके नहीं मिले जितने मैं चाहती थी। इतने सारे अभिनय प्रोजेक्ट न मिलने की एक कीमत है, जिसमें वित्तीय और भावनात्मक दोनों शामिल हैं। प्रतिष्ठा को लेकर चिंता है।'

स्वरा ने कहा, 'मैं ऐसा नहीं दिखाना चाहती कि मैं परेशान हूं। मैंने यह रास्ता चुना। मैंने तय किया कि मैं मुखर रहूँगी और मुद्दों पर अपनी राय रखूंगी और मुद्दों पर अपनी राय रखूंगी। मैं चुप रहना भी चुन सकती थी। 'पद्मावत' में जौहर वाले सीन पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुझे खुला पत्र लिखने की कोई जरूरत नहीं थी। मुझे ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं थी।'

उन्होंने कहा, 'आप मुझसे सारी शिकायतें कर सकते हैं। आप मुझे पसंद या नापसंद कर सकते हैं। मुझे लगता है कि जो लोग मुझसे नफरत करते हैं, वो भी ये नहीं कह सकते, मैं झूठी हूं या ये नकली हूं। वे यह नहीं कह सकते कि मैं कोई और होने का दिखावा कर रही हूं। लोगों के साथ बातचीत के अनुसार मेरी राय नहीं बदलती। मैं सबके साथ एक जैसी हूं। अगर मैं यह सब नहीं कहती तो घुट घुट के मर जाती।'

थाई स्लिट ड्रेस पहन अवनीत कौर ने लगाया हॉटनेस का ओवरडोज तड़का

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर अक्सर इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने कान्स फिल्म फेस्टिवल इवेंट की कुछ बेहद ही स्टनिंग फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदरा एक्टिंग और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस से फैंस को इस कदर इंप्रेस किया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल हील में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने कान्स फिल्म फेस्टिवल की कुछ बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी कातिल अदाओं से फैंस के बीच कहर बरपा रही हैं।

अवनीत कौर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है अमेजिंग। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- टू हॉट टू हेंडल, फिर तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है। साथ ही फैंस उनके लुक्स की लोग तारीफ करते हुए भी नहीं थकते हैं। अवनीत कौर अपने हर एक लुक को लेकर चर्चा में आ जाती हैं। उनका स्टनिंग अवतार अक्सर फैंस के बीच कहर ढाता है। हालांकि फैंस भी उनके स्टाइल को काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।

कृति खरबंदा ने भारतीय सिनेमा में पूरे किए 15 साल, शेयर किया दिल को छू लेने वाला संदेश

शादी में जरूर आना, कारवां, हाउसफुल 4 और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री कृति खरबंदा ने सिनेमा में 15 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा।

उन्होंने अपनी कन्नड़ फिल्म गुगली के रिलीज होने के समय की एक दिलचस्प कहानी भी शेयर की। 2009 में तेलुगू फिल्म बोनी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने अपने नोट की शुरुआत में लिखा, मैंने पिछले 15 साल, यानी अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा एक अभिनेत्री के रूप में बिताया है। जो एक शौक के रूप में शुरू हुआ, बिलों का भुगतान करने और पहचान पाने का एक तरीका था, वह धीरे-धीरे एक जुनून में बदल गया! एक ऐसा जुनून जिसके बारे में मुझे पता भी नहीं था कि वह मेरे अंदर मौजूद है।

उन्होंने बताया कि अपने सफ़र के दौरान, वह एक इंसान और एक अभिनेता के रूप में विकसित हुईं। इस दौरान व्यवसाय के बारे में उनकी गहरी समझ ने उन्हें फ़िल्म उद्योग के प्रति और अधिक आकर्षित किया।

उन्होंने आगे बताया कि आज जब मैं एक अभिनेता के रूप में 15 साल पूरे कर रहा हूँ, तो मैं आपके साथ एक कहानी साझा करना चाहता हूँ। मैं अपनी किशोरावस्था से ही अपनी माँ के साथ एक बुटीक चलाता था। हम खरीदारी करते थे, डिज़ाइन करते थे और कपड़े और अन्य चीज़ें खरीदने में बहुत समय बिताते थे। इसलिए मेरी कन्नड़ फ़िल्म गुगली की रिलीज़ के कुछ दिनों बाद हम एक मॉल में गए।

जब अभिनेत्री स्टोर में दाखिल हुई तो सब कुछ ठीक था। जब वह बाहर निकली तो उसने पाया कि स्टोर के बाहर सैकड़ों लोग खड़े थे।

इन 15 सालों में, अभिनेत्री ने भारतीय सिनेमा के कुछ सबसे बड़े सितारों जैसे पवन कल्याण, यश और अन्य के साथ काम किया है। उन्होंने राज: द रीबूट से बॉलीवुड में कदम रखा।

अभिनेत्री ने साझा किया: आज मैं इस अवसर पर खुद को धन्यवाद देना चाहती हूँ। छोटी, भोली, भरोसेमंद, भावुक, साहसी मैं। मैं आज यहाँ उसकी वजह से हूँ, क्योंकि वह हार मान सकती थी। मुझे पता है कि जब चीजें मुश्किल हो गईं तो वह हार मानना चाहती थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। वह आगे बढ़ती रही। और मैं आज के लिए खुद को धन्यवाद देना चाहती हूँ। मैं उस व्यक्ति पर बहुत गर्व करती हूँ जो मैं बन गई हूँ और मैं अपने बारे में कुछ भी नहीं बदलना चाहती। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद।

अक्सर पैर और कमर में रहता है दर्द तो हो सकती है इस विटामिन की भारी कमी

औरतों को अक्सर कमर और पैर में दर्द की शिकायत होती है। ज्यादा देर तक बैठने या खड़े होकर काम करने के कारण औरतों को हड्डियों में अक्सर दर्द होता है। इसका सबसे बड़ा कारण है शरीर में विटामिन डी और पोषक तत्वों की कमी। उम्र बढ़ने के साथ-साथ शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगती है जिसका असर हड्डियों पर पड़ता है।

विटामिन डी की कमी होने पर क्या-क्या हो सकता है?

शरीर में विटामिन डी की कमी होने के कारण हड्डियों को दर्द, जोड़ों में दर्द और हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा काफी ज्यादा बढ़ता है। प्रेग्नेंसी के बाद खासतौर पर महिलाएं कमजोर हो जाती हैं। इसके कारण शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है। विटामिन डी की कमी होने पर शरीर पर साफ लक्षण दिखाई देते हैं। आप इनकी लक्षणों की पहचान करके इससे ऐसे ठीक कर सकते हैं।

विटामिन डी के कारण क्या-क्या दिक्कत हो सकती है कई रिसर्च यह बात सामने आई है कि विटामिन डी की कमी के कारण हार्ट फेल होने की संभावना बढ़ जाती है। हार्ट फेल, हार्ट अटैक, स्ट्रोक, डायबिटीज के साथ बीपी जैसी गंभीर बीमारी का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। प्रेग्नेंसी में विटामिन डी की कमी होने से प्री एक्लेप्सिया, गेस्टेशनल डायबिटिज का खतरा काफी ज्यादा बढ़ जाता है। इसके कारण हड्डियां कमजोर होकर टूटने की संभावना हो जाती है।

जब एक महिला के शरीर में विटामिन डी की कमी होती है तो ऐसे दिखते हैं लक्षण

बीमार पड़ना

शरीर में विटामिन डी की कमी का सीधा असर इम्युनिटी पर पड़ता है। जिन महिलाओं के शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगती है वह जल्दी-जल्दी बीमारी पड़ती हैं। उनके शरीर पर कोई भी वायरस और बैक्टीरिया बहुत जल्दी हमला करता है। उन्हें सर्दी-खांसी और जुकाम, बुखार भी काफी ज्यादा होता है।

हड्डी में दर्द

विटामिन डी की कमी के कारण हड्डियां कमजोर हो जाती है। हड्डियों को मजबूत रखने के लिए कैल्शियम और विटामिन डी की जरूरत पड़ती है। विटामिन डी के कारण बोन डेंसिटी भी कम होती है। जिससे हड्डियों के टूटने का खतरा कम होता है।

थकान और कमजोरी

उम्र बढ़ने के साथ-साथ महिलाओं को थकान और कमजोरी होने लगती है। ऐसे वक्त में विटामिन डी की बहुत जरूरत पड़ती है। विटामिन डी की कमी होने पर शरीर में ब्लड का शुगर लेवल भी कम होने लगता है।

जख्म भरने में देरी

अगर किसी महिला के शरीर में विटामिन डी की कमी है तो चोट लगने पर जख्म जल्दी भरता नहीं है। अगर कोई रिकवरी या सर्जरी हुई है तो वैसे लोगों विटामिन डी की बेहद जरूरी होती है।

विटामिन डी कमी कैसे पूरी करें

भारत में ज्यादातर लोग विटामिन डी की कमी से जूझ रहे हैं। खासतौर पर महिलाएं विटामिन डी की कमी को जोखिम उठा रही है। विटामिन डी के लिए सबसे जरूरी है सुबह की धूप। अगर शरीर को धूप नहीं लग रही है तो आप विटामिन डी से भरपूर खाना खाएं। जैसे- सीफूड, प्लांट बेस्ड फूड, डेयरी प्रोडक्ट, अंडा और संतरा।

खाने के बिना तो कई दिन रह सकते हैं आप, पर क्या कभी सोचा बिना पानी कितने दिन तक रहा जा सकता है ?

पानी इंसानी शरीर की जरूरत है। एक निश्चित मात्रा में पानी शरीर को सही तरह से काम करने में मदद करता है। इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। खाए बिना तो इंसान कई दिनों तक जिंदा भी रह सकता है लेकिन पानी के बिना ये कठिन है। ऐसे में एक सवाल उठता है कि आखिर एक इंसान बिना पानी के कितनों दिनों तक रह सकता है, पानी की कमी होने से क्या-क्या हो सकता है। आइए जानते हैं विस्तार से।।।

पानी की कमी से क्या होता है

जब इंसान का शरीर डिहाइड्रेट होता है तो उसे बहुत ज्यादा प्यास लगती है। पानी की कमी से उसे थकान महसूस होती है, ऑर्गन्स तक फेल हो सकते हैं, जिससे मौत हो सकती है। अगर पानी न पिया जाए तो पहले दिन इंसान को थोड़ी सुस्ती लगती है और तीसरे दिन तक कई अंग खराब हो सकते हैं।

पानी की कमी का असर हर इंसान पर अलग-अलग हो सकता है। हालांकि, यह उसकी सहनशीलता के स्तर पर भी निर्भर करता है। चूंकि हमारे शरीर का 70त्न हिस्सा पानी से बना रहता है और इसके जरिए कई जरूरी काम पूरे किए जाते हैं। ऐसे में पानी के बिना ज्यादा दिनों तक सर्वाइव कर पाना आसान नहीं है।

बिना पानी कितने दिनों तक रह सकता है इंसान

आम तौर पर कहा जाता है कि बिना पानी के एक इंसान तीन दिनों तक जीवा?त रह सकता है। हालांकि, ये अलग-अलग इंसानों के लिए अलग हो सकता है। यह दो दिन से एक हफ्ते तक हो सकता है। पानी को लेकर रूल ऑफ 3 भी माना जाता है। इसका मतलब इंसान हवा के बिना 3 मिनट, पानी बिना 3 दिन और खाए बिना 3 हफ्ते तक जिंदा रह सकता है।

ऑर्किव फर क्रिमिनोलॉजी की एक स्टडी में पाया गया है कि बिना खाए, बिना पानी इंसान 8 से 21 दिनों से ज्यादा जिंदा नहीं रह सकता है। पानी की कमी से शरीर पर कई नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। हालांकि, ये सब रहन-सहन और क्लाइमेट पर निर्भर करता है।

शरीर को कितने पानी की जरूरत

1. नेशनल अकेडमिक्स के मुताबिक, दिन में पुरुषों को 3.6 लीटर और महिलाओं को 2.6 लीटर पानी पीना चाहिए. इस मात्रा को लिक्विड और फूड से प्राप्त कर सकते हैं।
2. पानी की जरूरत हर इंसान की उम्र, फिजिकल एक्टिविटी, हेल्थ, फिजिकल कैपिसिटी, हाइट, वेट, लिंग और खानपान पर निर्भर करता है।
3. पानी से भरपूर फल, सब्जी और जूस लेने वालों को ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती है, जबकि अनाज, ब्रेड या सूखे फूड्स लेने पर पानी की ज्यादा जरूरत होती है।
4. इंसान के आसपास के क्लाइमेट पर भी निर्भर करता है कि उसकी बॉडी को कितना पानी चाहिए।

खास खबर

उत्तरी राज्यों को दो दिन बाद गर्मी से राहत मिलने की संभावना

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को अपने पूर्वानुमान में बताया कि अगले दो दिनों तक उत्तर भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी जारी रहेगी, लेकिन उसके बाद उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बढ़ रहे पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बन्स) के प्रभाव से इसमें धीरे-धीरे कमी आएगी। आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण 18-20 जून के दौरान जम्मू-कश्मीर-लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ छिटपुट से लेकर हल्की बारिश होने की संभावना है। यह भी बताया है कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में तेज सतही हवाएं (25-35 किमी प्रति घंटे की गति) चल सकती हैं। इस बीच, पिछले 24 घंटों में दिल्ली-हरियाणा-चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू से लेकर भीषण लू की स्थिति देखी गई। जम्मू-कश्मीर, उत्तरी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति बनी रही। ओडिशा, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, झारखंड, उत्तरी राजस्थान और विदर्भ के कुछ इलाकों में भी लू की स्थिति देखी गई। अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 44-46 डिग्री सेल्सियस के बीच है, जो इन क्षेत्रों में सामान्य से 4-8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। दिल्ली-हरियाणा-चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में रात का तापमान अत्यधिक देखा गया। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में और पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में भी रात का तापमान अधिक रहा।

बिहार में पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून की तैयारी, विधानसभा सत्र में आएगा प्रस्ताव

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय के तहत अगले साल तक प्रदेश में 5 लाख से अधिक सरकारी पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। सुशासन के कार्यक्रम 2020-25 के तहत 15 दिसंबर 2020 से लागू सात निश्चय-2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इस संबंध में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उप मुख्यमंत्री, संबंधित विभागों के मंत्रियों, सचिव सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर अगले एक वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति के लिए बची हुई नौकरी एवं रोजगार देने के काम को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता है कि अब तक 5.16 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 1.99 लाख सरकारी नौकरी से संबंधित नियुक्तियों के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अगले तीन महीने के अंदर नियुक्ति पत्र वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, नियुक्ति करने वाले विभिन्न आयोगों को 2.11 लाख नई नियुक्ति के लिए अधियाचना भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अगले एक महीने में 2.34 लाख रिक्तियों की अधियाचना विभिन्न आयोगों को भेजी जाएगी।

भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत, बेड़े में शामिल होंगी आधुनिक तकनीक वाली छह पनडुब्बियां

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना स्पेन में 'प्रोजक्ट 75 भारत (पी75आई)' के तहत अत्याधुनिक उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। स्पेन की एक जहाज निर्माता (शिपयार्ड) कंपनी नवंतिया के अनुसार इस परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना छह आधुनिक पनडुब्बियों को अपने बेड़े में शामिल करेगी। नवंतिया के चेयरमैन रिकार्डो डोमिंगुज गार्सिया बाकुएरो का कहना है कि स्पेन की सरकार और नौसेना पी75आई को लेकर काफी उत्साहित है और हर तरह से इस प्रोजक्ट में भारत की मदद करना चाहती है। इस योजना के तहत भारत सरकार के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। नवंतिया के प्रमुख ने कहा कि जून के आखिरी सप्ताह से भारतीय नौसेना कार्टाजेना के पोत कारखाने में वायु स्वतंत्र प्रणोदन परीक्षण की शुरुआत करेगी। रिकार्डो डोमिंगुज ने आगे कहा कि इस परीक्षण में उनका साथ लार्सन एंड टर्बो (एल एंड टी) कंपनी देगी। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना को विश्व स्तर की एआईपी तकनीक की जानकारी दी जाएगी। आगे बताया गया कि भारतीय नौसेना एआईपी तकनीक से सुसज्जित छह पनडुब्बियों का अधिग्रहण करेगी। इस तकनीक की मदद से पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के भीतर रह सकती हैं।

नई उद्योग नीति व होलसेल कॉरिडोर पर शासन को सुझाव देगा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ

कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक में तैयार हुई योजना

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने छत्तीसगढ़ में व्यापार और उद्योगों की समस्याओं को जिला स्तर पर हल करने की प्रतिबद्धता जताई है। व्यापारियों के मुद्दों को सुलझाने के लिए एक योजना तैयार की गई है, जिसमें नया रायपुर में होलसेल कॉरिडोर के निर्माण और दुकानों के आबंटन संबंधी सुझाव मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री और नया रायपुर विकास प्राधिकरण को दिए जाएंगे। नई उद्योग नीति के संदर्भ में छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास के लिए सुझाव उद्योग मंत्री और उद्योग सचिव को शीघ्र ही प्रस्तुत किए जाएंगे।

प्रकोष्ठ के प्रचार प्रसार सचिव संतोष बैद ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफ्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सहसंयोजक मुकेश शर्मा, बजरंग खंडेलवाल और सुभाष अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की 11 में से 10 सांसदों की विजय में व्यापार प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस जीत के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव को बधाई देने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि व्यापारी वर्ग की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों से मिलकर उन्हें लिखित सुझाव दिए जाएंगे। लाभचंद बाफ्ना ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जीत के लिए 90 में से 82 विधानसभा क्षेत्रों में व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए गए थे, जिसमें हजारों व्यापारियों ने भाग लिया। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है, इसलिए निश्चित रूप से हमारी बात सुनी जाएगी और व्यापार जगत के हित में कार्य किए जाएंगे।

बैठक में बजरंग खंडेलवाल ने नया रायपुर में होलसेल कॉरिडोर के निर्माण और आबंटन में व्यापार प्रकोष्ठ की सहभागिता की प्रस्तावना दी, जबकि प्रचार सचिव संतोष बैद ने नई उद्योग नीति पर उद्योग सचिव को सुझाव देने का प्रस्ताव दिया। मुकेश शर्मा ने व्यापार प्रकोष्ठ की गतिविधियों को प्रचारित करने और प्रदेश पदाधिकारियों के जानकारी में लाने पर जोर दिया। सुभाष अग्रवाल ने जिला स्तर पर व्यापारियों के हित में जिला इकाई को सक्रिय करने का सुझाव दिया।

बैठक का संचालन प्रकोष्ठ के कार्यालय प्रभारी नीतीश दुबे ने किया और अल्प समय में सभी की उपस्थिति के लिए आभार प्रकट किया। बैठक में सह कार्यालय प्रभारी दिलीप गंगवानी, भिलाई से भागचंद जैन, दुर्ग से विष्णु अग्रवाल, कोरबा से हितानंद अग्रवाल, और राजनांदगांव से मन्नूलाल ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

खुशखबरी, सरकार ने बिजली बिल पर मंथली रेंट किया खत्म, केवल यूनिट के देने होंगे पैसे

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा सरकार ने राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। राज्य सरकार की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि जितने यूनिट बिजली खर्च होगी, उतना ही बिल आएगा। इस तरह मंथली मिनिमम चार्ज को समाप्त कर दिया है।

बताया जा रहा है कि अब प्रदेश में जिन लोगों के घरों में 2 किलोवाट तक के मीटर लगे हुए हैं, उन्हें केवल खर्च की गई यूनिट का ही बिल भरना होगा। इस फैसले से राज्य के करीब साढे 9 लाख बिजली उपभोक्ताओं को लाभ होने वाला है। अब तक उपभोक्ताओं से बिजली विभाग प्रति किलोवाट 115 रुपये मासिक शुल्क के रूप में वसूल रहा था। खर्च हुई यूनिट के पैसों के साथ यह शुल्क जुड़ने से बिल बढ़ जाता था।

रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के राज्य स्तरीय प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों को कार्ड बांटे। इस योजना के तहत मध्यम वर्ग और गरीब लोगों के घरों की छतों पर रूफटॉप सौर पैनल स्थापित किए जाने हैं। इससे ये लोग पर्याप्त बिजली पैदा करके बिजली के उत्पादक और उपयोगकर्ता दोनों बन सकेंगे। साथ ही, इस पहल से बिजली बिल भी कम होगा। सरकार ने ये भी फैसला किया है कि जो लोग 10 यूनिट से 100 यूनिट बिजली खर्च करते हैं, उन्हें सिर्फ 200 रुपए ही देने होंगे। अगर पंजाब की बात करें तो वहां जून के 15 दिनों में बिजली की खपत 2023 की इसी अवधि की तुलना में 43 प्रतिशत बढ़ गई है। इस साल अब तक पंजाब की अधिकतम मांग 15775 मेगावाट हो गई है। पिछले साल जून के पहले 15 दिनों में अधिकतम बिजली की मांग 11309 मेगावाट और धान के मौसम में 23 जून को 15325 मेगावाट थी। पंजाब राज्य में धान की खेती के कारण आने वाले दिनों में अतिरिक्त कृषि भार बढ़ने की उम्मीद है, जिससे बिजली की स्थिति बेकाबू हो सकती है।

भावना बोहरा ने किया इंदौरी में जनसेवा ही भावना केंद्र का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। जनता की सुविधा और समृद्ध पंडरिया के संकल्प के साथ विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। समाज सेविका के साथ ही एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी जनता के हर सुख-दु:ख में साथ रहने वाली विधायक भावना बोहरा ने भावना दीदी की गारंटी में किये अपने संकल्प के तहत आज ग्राम इंदौरी में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) का शुभारम्भ किया। इसके पूर्व भी भावना बोहरा ने क्षेत्र से प्रमुख विषयों और जनता के सुझाव व क्षेत्र के विकास हेतु वनांचल क्षेत्र कुकदुर, पंडरिया, पांडातराई एवं रणवीरपुर क्षेत्र में केंद्र का शुभारंभ किया इसी कड़ी में आज उन्होंने ग्राम इंदौरी भी इस केंद्र का शुभारंभ किया।

इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश जनता से सीधे संवाद और क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को जानना है ताकि उसका सही समय पर उचित निराकरण हो सकते और जनता की समस्याओं के समाधान के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो सके। जनाकांक्षाओं की पूर्ति हो या समृद्ध व खुशहाल पंडरिया बनाने का हमारा जो संकल्प है उसे पूरा करने के लिए जनता के सहयोग व सुझाव को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों को पूरा करने हम कटिबद्ध है। आज इंदौरी में इस केंद्र की स्थापना से क्षेत्रवासियों को उनके गाँव के नजदीक ही शासकीय योजनाओं की जानकारी व उसके लाभ के साथ ही स्थानीय मुद्दों, उनकी आवश्यकताओं व समस्यों का त्वरित निराकरण की सुविधा उन्हें मिलेगी, जिसके लिए उन्हें जिला अथवा तहसील कार्यालय आने-जाने की असुविधा नहीं उठानी पड़ेगी।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के समय भावना दीदी की गारंटी सेवा संकल्प पत्र में जनता की सुविधा हेतु विधानसभा के 7 प्रमुख स्थानों में इस केंद्र की स्थापना करने का जनता को भरोसा दिया था और आज मुझे खुशी है कि 5 स्थानों में हमने इस केंद्र की स्थापना कर दी है जहाँ कार्य भी शुरू हो चुका है और जल्द ही समय में बाकि दो स्थानों में भी इस केंद्र की स्थापना जल्द ही हो जाएगी जिसकी तैयारियां भी हमने शुरू कर दी है। हमारा लक्ष्य है कि जनता को मूलभूत सुविधाएँ और शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक मिल सके, सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता एवं क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी सीधे जनता से संवाद करने पर स्पष्ट रूप से सामने आते हैं साथी उनके निराकरण के लिए बेहतर सुझाव भी जनता के द्वारा हमें मिलते हैं जिसे पूरा करने का प्रयास हमेशा ही हमारी प्राथमिकता रहती है। हमें पूरा विश्वास है कि इस केंद्र की स्थापना से अब उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर समृद्ध पंडरिया का हमारा संकल्प भी जन सहयोग व सुझाव से जरुर पूरा होगा। मैं सभी क्षेत्रवासियों को इसके लिए बधाई देती हूँ।

मोदी की गारंटी पर अमल करने फेडरेशन ने वित्त मंत्री से लगाई गुहार, शीघ्र पहल करने मिला आश्वासन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे मोदी की गारंटी पर अमल करने मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को फेडरेशन ने 23 फरवरी को बस्तर से सरगुजा तक प्रभावी रैली निकालकर राज्यव्यापी प्रदर्शन किया था।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से प्रतिनिधिमंडल ने भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत डीए देय तिथि से स्वीकृत करने, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफखाते में समायोजित करने की प्रमुख मांग रखी गई।फेडरेशन ने वित्त मंत्री को मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन करने,प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग शिथिल करने जैसे ज्वलंत मुद्दे से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया।

फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया था।इन मांगों के समर्थन में डॉ रमन सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था। फेडरेशन ने वित्त मंत्री के विजन 2047 के तहत मांगे गए सुझाव पर नवा रायपुर में बसाहट के लिए अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को रियायती दर पर जमीन देने मांग पत्र भी सौपा गया, वित्त मंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए इस पर शीघ्र पहल करने का आश्वासन भी दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि फेडरेशन हमेशा संवाद के माध्यम से अपने मौलिक अधिकार के लिए पहल करता है।फेडरेशन वित्त मंत्री से हुए सार्थक चर्चा से शीघ्र समस्याओं के समाधान हेतु आशान्वित है। फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल में बी.पी.शर्मा,सतीश मिश्रा,राजेश चटर्जी, आर के. रिछारिया,पंकज पांडे, सत्येंद्र देवांगन,उमेश मुदलियार, अविनाश तिवारी,ऋतु परिहार आदि शामिल थे।

सीएम मान का बड़ा फैसला

डीसी दफ्तरों में शुरू होगी सीएम विंडो, करप्शन होने पर डीसी व एसएसपी पर होगी कार्रवाई

चंडीगढ़ (एजेंसी)। जिलों के डीसी से मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अब हर जिले में मुख्यमंत्री सहायता केंद्र या सीएम विंडो स्थापित करने का फैसला लिया है। जिस तहत कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर जा सकता है। अगर उसकी शिकायत जिला स्तर पर ही हल होने वाले होगी, तो उसे तुरंत निपटाया जाएगा। वहीं अगर मिनीस्टरी से हल होने वाली होगी तो शाम तक वह केस सीएम डैशबोर्ड पर भेजा जाएगा। इस काम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली जाएगी।

डीसी से मीटिंग के बाद सीएम भगवंत ने कहा कि अगर जिला स्तर पर कोई भी अफसर करप्शन करता है तो उसके लिए डीसी और एसएसपी जिम्मेदार होंगे। उसके बाद उसी आधार पर कार्रवाई होगी। वहीं, वह सरकारी आफिसों के काम काज पर एआई की मदद से नजर रखेंगे। इस काम की मॉनिटरिंग खुद अधिकारी, मार्शल और विधायक तक करेंगे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने सरकार बनाई थी, तो उसी समय तय किया था कि सरकार गांवों से चलेगी। इसके लिए भी अब काम शुरू हो गया है। अब हर महीने के लिए रोस्टर बनेंगे। जिसके तहत चार पांच गांवों में एक जगह पर अफसर जाएंगे। इसके बाद वहां पर बैठकर वह लोगों की सारी शिकायतों को दूर करेंगे। मौके पर लोगों की पेंशन,आधार कार्ड, रजिस्ट्री व अन्य काम किए जाएंगे। कैंप बारे लोगों को जानकारी मिल पाए, इसके लिए गांवों के गुरुद्वारों से पहले एनाउसमेंट करवाई जाएगी। कैंप का समय तय किया जाएगा। वहीं, उसकी सारी वीडियो बनाई जाएगी। वह सीएम डैश बोर्ड पर आएगी। वहीं, कल सीएम सारे जिलों के एसएसपी से मीटिंग कर नशों के खिलाफ रणनीति बनाएंगे।

बनाए जाएंगे सहायता केंद्र: मान ने बताया कि जिला या सब डिवीजन स्तर पर अपने कामों के लिए जाने वाले लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उनकी सुविधा के लिए एयरपोर्ट की तर्ज पर स्वागत केंद्र या सहातया केंद्र स्थापित किए जाएंगे। लोगों को तुरंत वहां पर जाना होगा। इसके बाद वहां पर बैठे अधिकारी लोगों को गाइड करेंगे कि उनके काम कहां पर होंगे।

न्यू किट्टी बुक एंड स्टेशनरी मार्ट
• खाता बही, माला,
• फ्लावर झालर,
• लेजर बुक,
• कैश बुक,
• रोकड़ बही खाता
• कैलेंडर स्टेशनरी सामान
किसी भी बुक एंड स्टेशनरी में जाने से पहले एक बार न्यू किट्टी में जरूर पधारें...
नेहरू भवन रोड, सुपेला, भिलाई, मो.-9584917866, 6261748903

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

पुराना एंटिक नोट के बदले पांच लाख का ऑफर, झांसे में आए युवक ने गवां दिए दो लाख रुपए

बिलासपुर। सोशल मीडिया पर अक्सर देखा होगा कि पुराने व एंटिक नोट जिसमें कुछ खास चीजों का जिक्र कर लाखों का ऑफर दिया जाता है। दशकों पुराने नोटों के खरीदार भी होते हैं लेकिन इसे कुछ बदमाशों ने ठगी का जरिया बना लिया है। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सामने आया है। यहां एक युवक को पांच रुपए के पुराने नोट के बदले पांच लाख रुपए का ऑफर दिया गया और इसके बाद उससे दो लाख रुपए की ठगी कर ली गई। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। मामला चकरभटा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार चकरभाठा क्षेत्र के छतौना के रहने वाले रोशन धूरी पिता सावत धूरी नोवा प्लांट में हेल्पर काम करता है जिसने एक मई की शाम इंस्टाग्राम में एक विज्ञापन देखा जिसमें 5 रुपए के पुराने नोट के बदले में पांच लाख 12 हजार देने की बात लिखी थी। यह देख उसने एड के कमेंट बॉक्स में जाकर अपनी सहमति दे दी कुछ देर

बाद उसके मोबाइल में अनजान मोबाइल नंबर से फोन आया और उसे पांच रुपए के पुराने नोट की फोटो अपने वाट्सएप में मंगाई। फोटो भेजने के बाद फोटो देखते ठग ने कंपनी में रजिस्ट्रेशन के लिए 720 रुपए जमा करने के लिए कहा।

ऑनलाइन जमा कर दिए रुपए

झांसे में आ चुके रोशन धुरी ने ऑनलाइन माध्यम से रकम जमा कर दिया। इसके 5 दिन बाद उसे बताया गया की 5 लाख 12 हजार लेकर आर्मी का एक जवान निकल गया है और वह सरगांव पहुंचने वाला है। कुछ देर बाद युवक से दूसरे मोबाइल फोन से ठग ने फोन कर युवक से परमिशन कोड और अन्य बहाने करते हुए उससे और रुपए मांगने लगा। रोशन ने बिना सोचे समझे अलग-अलग किस्तों में करीब 2 लाख 21 हजार 648 रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिया, इस दौरान ठगों ने रकम वापस करने की बात कही।

धमकी भी देने लगे शातिर

इसके बाद कॉलर ने 25 हजार रुपए की और मांग की गई तो रोशन ने रुपए भेजने से इनकार कर दिया। इसके बाद अंजान मोबाइल धारक ने उसे उल्टा झूठे मामले में फंसा देने की धमकी देने लगा। कॉलर ने प्रार्थी के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज कर जेल भेजने की बात कहने लगा। इससे रोशन डर गया और वह थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी बात बताई। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ 420 की तहत जुर्म दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

खास खबर

फादर्स-डे पर बेटे ने की पिता की हत्या, टंगिया से किए ताबड़तोड़ वार, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा में फादर्स-डे पर बेटे ने पिता की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी बेटे ने पिता पर टंगिया से ताबड़तोड़ वार किए। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बालको पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि शादी की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। मामला कोरबा के बालको थाना क्षेत्र का है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बेटा भागने के फिराक में था, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा।

मृतक का नाम दिलचंद केंवट बताया जा रहा है, जो ग्राम पंचायत दोंदरो का रहने वाला था। 27 साल के बेटे अशोक केंवट ने टंगिया से ताबड़तोड़ हमला कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया गया। आरोपी केरल में रोजी मजदूरी करता था और पिता के बुलाने पर घर कोरबा आया हुआ था। दोनों आंगन में शराब पी रहे थे और नशे में धुत थे। इसी दौरान घर बनाने की बात शुरू हुई और उसके बाद शादी की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि बेटे ने पिता पर टंगिया से हमला कर दिया।

महिला और युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

सक्ति। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र चंद्रपुर और डभरा में महिला और युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के आत्महत्या करने के कारणों का अभी कोई सुराग नहीं लगा है। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम बासिन गांव का युवक अपने घर के बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली की है। युवक ने किस कारण से यह कदम उठाया क्यों है यह अज्ञात है। कोई सुसाइट नोट भी पुलिस ने बरामद नही किया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल में डभरा पुलिस जुटी हुई है। वही चंद्रपुर थाना क्षेत्र हीरापुर की रहने वाली महिला कुमारी देवांगन 50 वर्ष ने अपने घर के अंदर फांसी लगाई है। वह अपने पति कीर्तन देवांगन को छोड़ कर अकेली रहा करती थी। महिला ने किस वजह से यह कदम उठाया है यह अभी अज्ञात है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल में चंद्रपुर पुलिस जुटी हुई है।

बाइक सवार तीन से लूटपाट, एक शख्स की मौत; सभी आरोपी फरार

भाटापारा। छत्तीसगढ़ के भाटापारा में एक वारदात सामने आई है। बाइक सवार लोगों से लूटपाट हुई है। भाटापारा-शिवनाथ नदी सेमरियाघट रोड ग्राम अमलडीहा मारो चौकी क्षेत्र की घटना बताई जा रही है। मुंगेली निवासी तीन लोग अपने बाइक पर धान बेचने भाटापारा कृषि उपज मंडी आ रहे थे। रास्ते में अज्ञात लोगों के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम देते हुए चाकू से ताबड़तोड़ पेट में वार कर एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी। लगभग आठ हजार रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। भाटापारा ग्रामीण पुलिस एवं मारो चौकी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बाड़ी में काम कर रही युवती की मौत, चार घायल

कांकेर के नरहरपुर थाना क्षेत्र का मामला, तेज बारिश के साथ गिरी बिजली

श्रीकंचनपथ न्यूज

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सोमवार को बड़ा हादसा सामने आया है। जिले के नरहरपुर थाना अंतर्गत ग्राम थानाबोडी में आकाशीय बिजली गिरने से 21 वर्षीय युवती की मौत हो गई। यही नहीं इस दौरान चार ग्रमीण घायल भी हो गए हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायलों को नरहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के समय सभी बाड़ी में काम कर रहे थे।

बता दें छत्तीसगढ में मानसून की एंट्री से पहले कई जिलों में मौसम बदल रहा है। इस बीच कई जगह गरज चमक के साथ तेज बारिश भी हो रही है। सोमवार को सुबह से ही कांकेर के नरहरपुर क्षेत्र में गरज चकम के साथ तेज बारिश हो रही थी। इस बीच ग्राम थाना बोड़ी निवासी हृदसराम के घर की बाड़ी में 21 वर्षीय तमेश्वरी सिन्हा, गीतेश्वर कुंजाम (20), नरेश कुंजाम (26), रमाकांत सिन्हा (32) व यगुवेन्द्र टेमरे (18) काम कर रहे थे। इस दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए सभी पेड़ का सहारा लेकर खड़े थे और इस दौरान अपना मोबाइल भी चला रहे थे।

बारिश के दौरान इस बीच तेजी से बिजली गिरी और पेड़ के नीचे तामेश्वरी के हाथों में मोबाइल फट गया। घटना में तामेश्वरी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शेष चारों घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी पहुंची और मृतका के शव को पीएम लिए भेजा गया। वहीं ग्रामीणों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बारिश में बिजली गिरने पर कैसे करें बचाव

अक्सर देखा गया है कि बारिश के दिनों में मैदानी क्षेत्रों में बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लोगों को सतर्क रहने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है। बारिश के दौरान घर पर भी बिजली से चलने वाली वस्तुओं से दूर रहना चाहिए। मैदानी क्षेत्रों में बारिश के दौरान पेड़ के नीचे खड़े होने से भी बचना चाहिए। इसके अलावा ऐसी वस्तुएं जो बिजली के सुचालक हैं उनसे भी दूर रहना चाहिए। गरज चमक के दौरान खुले में मोबाइल जैसे उपकरण का इस्तेमाल करने से भी बचना चाहिए।

गाज गिरने से 2 भैंसों की मौत

राजनांदगांव। आकाशीय बिजली गिरने से सोमवार को घुमका थाना अंतर्गत ग्राम बरगाही के मालिक राम पिता रामआधार साहू के दो भैंसों की मौत हो गई। दोनों भैंस घर के पास बरगद के पेड़ के पास बंधा हुआ था। अचानक भारी बारिश शुरू होने से पशुपालक को अपने मवेशी को वहां से हटाने का समय ही नहीं मिला। बारिश थमने के बाद जब देखने गया तो दोनों भैंस मृत थे। इसकी सूचना वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी एसआर रावटे को दी गई। उन्होंने इसकी सूचना थाने में दर्ज कराने कहा फिर पोस्टमार्टम होने की बात कही।

पशुपालक मालिक राम ने बताया कि पशुधन की मृत्यु होने से उन्हें लगभग साठ हजार रुपए की क्षति हुई है। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग से

इसकी मुआवजा राशि देने की मांग की है। सोमवार की दोपहर एक बजे तेज आंधी के साथ हुई बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। तेज आंधी के चलते कई घरों के टीन के छत उड़ गए। इसी प्रकार छतों में रखे समान भी तेज हवा उड़ गए। छतों में लगे डीटीएच के छतरी भी उखड़ कर दूर जा गिरा।

मोडिफाइड साइलेंसर और तेज आवाज वाले बाइकर्स पकड़ाए, पुलिस ने काटा चालान, साइलेंसर जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। तेज आवाज व मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाइक चलाने वालों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई की है। सोमवार को यातायात विभाग द्वारा ऐसे 8 वाहन चालकों से मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत जुर्माना लगाया। यही नहीं बाइक से साइलेंसर भी अलग करवाकर जब्त किया गया। उक्त सभी वाहनों के संबंध में यातायात पुलिस को वाट्सएप के जरिए शिकायतें मिली थी।

बता दें शहर में सुरक्षित यातायात के लिए दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को डीएसपी सतीश ठाकुर व सदानंद विध्यराज के नेतृत्व में सोशल मीडिया में मिल रही शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सिविक सेन्टर भिलाई में यातायात पुलिस द्वारा कुल 8 बुलेट चालकों पर कार्रवाई की गई। उक्त सभी बुलेट में मोडिफाई सायलेंसर लगाया

गया था। इससे रास्ते में चल रहे अन्य वाहन चालकों को काफी दिक्कतें होती हैं।

भेजा जा रहा नोटिस

यातायात पुलिस दुर्ग निरंतर प्राप्त ऐसे शिकायत फोटो वीडियों के आधार पर वाहन के नंबर से संबंधित वाहन मालिक का पता कर नोटिस जारी की जा रही है और चालक को यातायात कार्यालय बुलाकर समझाईश देते हुए कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान संबंधित वाहन चालक का लायसेंस भी निलंबित कराया जा रहा है। यातायात पुलिस ने अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चो को ऐसी लापरवाही करने से मना करे एवं उन पर विशेष ध्यान दें। कहीं आपके बच्चे बिना नंबर के वाहन एवं रस ड्राइविंग तो नहीं कर रहे है। ऐसा कोई वाहन चालक जो जानबूझकर लापरवाही से गाड़ी चला रहा है या मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग कर रहा है तो वाहन की फोटो या वीडियो यातायात हेल्प लाईन नंबर 9479192029 पर भेजें।

एसीसी में कोयला ट्रांसपोर्ट करने वाले चालकों से अवैध वसूली, प्रधान आरक्षक निलंबित

- ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले आरक्षक पर भी गिरी गाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने अवैध वसूली की शिकायत पर जामुल थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजय साहू को निलंबित कर दिया है। आरक्षक विजय साहू पर एसीसी फैक्ट्री में कोयला सप्लाई करने वाले ट्रकों को रोककर वसूली का आरोप है। इसी प्रकार दुर्ग कोतवाली में पदस्थ आरक्षक लव पाण्डेय को भी कार्य में लापरवाही के लिए सस्पेंड कर दिया गया। दोनों आरक्षकों को पुलिस लाइन अटैच कर दिया गया है।

बता दें पिछले दिनों कोयले को लेकर विवाद में एसीसी फैक्ट्री में एचओड़ी की हत्या कर

दी गई थी। एसीसी में कोयला सप्लाई से जुड़े विवाद में अब आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल जामुल थाने में पदस्थ आरक्षक विजय साहू पर आरोप है कि वह एसीसी फैक्ट्री जामुल में कोयला ट्रांसपोर्ट किए जाने वाले ट्रकों को रोककर उनके चालकों से अवैध रूप से रुपए वसूलता है। इस मामले में एसपी तक शिकायत पहुंची और उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए विजय साहू को निलंबित कर लाइन अटैच कर दिया है।

अवकाश के बाद काम पर नहीं लौटे आरक्षक को किया लाइन अटैच

इसी प्रकार सिटी कोतवाली में तैनात लव पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर 24 मई से 5 दिनों का अवकाश लिया था। अवकाश अवधि पूरी होने के बाद लव पाण्डेय को 30 मई को अपने कर्तव्य पर उपस्थित होना था, लेकिन आरक्षक के द्वारा स्वीकृत शुदा अवकाश समाप्ति उपरांत कर्तव्य पर उपस्थित न होकर गैरहाजिर रहा। इस प्रकार आरक्षक के द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति अनुशासनहीनता, एवं स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित की गई है। इसे देखते हुए एसपी ने आरक्षक लव पाण्डेय को निलंबित कर लाइन अटैच किया है। दोनों आरक्षकों को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

बिलासपुर में गाय काटने पर बजरंगियों ने मचाया बवाल, गो मांस बेचने का लगाया आरोप

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। जिले में सोमवार को गाय का मांस काटने पर जमकर बवाल हो गया। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक परिवार के लोगों को गाय का मांस काटते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। वहीं, पीड़ित परिवार मरे हुए गाय को काटने का दावा करते रहे। विवाद व हंगामा के बाद पुलिस ने मांस को जब्त कर केस दर्ज किया है। पूरा मामला कोटा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गौ रक्षा अभियान चलाने का दावा कर रहे हैं। इसी दौरान कोटा प्रखंड के खंड अध्यक्ष आकाश साहू को पता चला कि ग्राम टाड़ा में एक परिवार के लोग गाय को काटकर उसका मांस निकाल रहे हैं। इसकी जानकारी उसने संघ के पदाधिकारियों को दी, जिसके बाद संघ के विनय गुप्ता, राजकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांव पहुंच गए।

इस दौरान पदाधिकारियों ने एक परिवार के लोगों को गाय का मांस काटते पकड़ लिया, जिसके बाद उन्होंने जमकर हंगामा मचाया। वहीं, विवाद होते देखकर परिवार की महिलाएं भी आ गईं और वो लोग विरोध करने लगी। उनका कहना था कि मरे हुए गाय को काट कर मांस निकाल रहे हैं। इस दौरान यह भी बताया गया कि गाय के मांस को 100 रुपए किलो में बेचते हैं।

इस पर पदाधिकारियों ने इसकी जानकारी कोटा पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पदाधिकारियों ने गाय काट कर मांस बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने परिवार के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, गाय के मांस को जब्त कर जांच कराने के लिए सैंपल भेजने का दावा किया है। इस दौरान बजरंग दल के अजय तिवारी, राजा जैसवाल, वेंकट अग्रवाल, प्रियंक अग्रहरी, दुर्गेश साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर रेलवे कर्मी ने युवती के साथ किया दुष्कर्म, शिकायत के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। जिले में एक लोको पायलट ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद शादी के लिए टाल-मटोल करता रहा। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने रेलवे कर्मचारी लोको पायलट को ओडिसा के बृजराजनगर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित युवती ने 14 जून को सिटी कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने बताया कि जनवरी माह में ईश्वर राव भूपदेवपुर रेलवे स्टेशन पर मिला था, जो अपने दोस्त की शादी के लिए लड़की देखने की बात कहकर बातचीत शुरू की। इसके बाद मोबाइल नंबर लेकर बातचीत करने लगा। इसी दरमियान ईश्वर

राव ने अपने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे घर परिवार में सलाह होकर बताऊंगी बोली थी। फरवरी माह में ईश्वर राव अपना ट्रांसफर ओडिशा बृजराजनगर होना बताया और ओडिशा घूमने के लिये बुलाया था, तब 21 फरवरी को पीड़िता अपनी सहेली के साथ बृजराजनगर घूमने गई थी। जहां से रात में ट्रेन से रायगढ़ लौटी। ईश्वर राव रायगढ़ रेलवे स्टेशन के पास एक किराये के मकान में सहेली के साथ रुकवाया और उसी रात शादी करने की बात कहकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद भी कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

शादी के लिए करता रहा टाल-मटोल

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि ईश्वर राव को शादी के लिए कहने पर टाल मटोल करने लगा। युवती ने बताया कि जब उसके चचेरे भाई ने ईश्वर राव से जल्द शादी करने की बात बोला तब ईश्वर राव ने युवती को थाने में शिकायत करने पर बदनाम करने की धमकी दी। पीड़ित युवती के आवेदन पर कोतवाली थाने में धारा 376 (2) (ढ़), 506 भादवि का अपराध कायम कर कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन पर कार्रवाई शुरू की। आरोपी का लोकेशन लेने के बाद पुलिस की टीम तत्काल बृजराजनगर रवाना होकर बृजराजनगर रेलवे स्टेशन पर दबिश देकर आरोपी ईश्वर राव (42) को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया है।

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

खास - खबर

केदार कश्यप से मुलाकात कर प्रीतपाल बेलचंदन ने सहकारिता के व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की

दुर्ग। प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने सौजन्य मुलाकात कर सहकारिता के व्यापक संभावनाओं पर चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव में बस्तर सहित पूरे प्रदेश में भाजपा की जीत पर उन्हें बधाई दी। बता दे कि पार्टी के नेता व किसानों का कहना है कि प्रीतपाल बेलचन्दन एक वरिष्ठ नेता हैं और छत्तीसगढ़ राज्य के सहकारिता के समर्थन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने अविभाजित दुर्ग जिले के किसानों को एकजुट कर उनकी सांझे विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी रणनीति, कृषक प्रतिनिधित्व और किसानों के बीच संबंध उन्हें एक प्रमुख नेता बनाता हैं । वे किसानों के विकास के लिए निरंतर काम करते रहे हैं। कांग्रेस सरकार में उन्हे झूठे मामले में फंसाकर 69 दिनों तक जेल में रखा किंतु कोई प्रमाणित दस्तावेज के आभाव में अदालत ने उन्हें जमानत देकर रिहा कर दिया। प्रीतपाल बेलचन्दन का कृषि और सहकारी के साथ सशक्त साझेदारी महत्वपूर्ण है। उनका योगदान किसानों के विकास और समृद्धि के मार्ग को सुदृढ़ करता है और राज्य के लोगों के हित में काम करने में मदद करता है। छत्तीसगढ़ में सहकारिता के जरिए विकसित कृषक समाज के लिए नए और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में उनका कदम कोई डगमगा न सका है। आज दुर्ग सहकारी समिति को प्रीतपाल बेलचन्दन जैसे नेता की महती आवश्यकता है। विकसित छत्तीसगढ़ की राह को सफल बनाने सहकारिता को और विस्तार देने प्रीतपाल जैसे नेताओं को सामने लाना समय का तकाजा है।

हाई मास्क लाइट चालू होने पर चारों तरफउजाला हुआ

भिलाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के दो प्रमुख चौक घड़ी चौक सुपेला, पावर हाउस चौक, दोनों जगह पर हाई मास्क लाइट लगाया गया है। फ्लाईओवर पुल बनते समय खराब हो गया था। जिसे आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर संधारण करके चालू किया गया। दोनों क्षेत्र प्रकाशमय में हो गया है। पावर हाउस अंडर ब्रिज, चंद्रा मौर्यया अंडर ब्रिज, घड़ी चौक अंडर ब्रिज, के पास अंधेरा ना हो इसके लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है। अंडर ब्रिज के नीचे के नीचे लाइट जल रहा है। अब सरलता पूर्वक रात्रि के समय आवा-गमन करने पर किसी प्रकार का भी प्रकाश की समस्या नहीं होगी। रात में भी दिन जैसे उजाला दिख रहा है।

सुपेला अंडर ब्रिज से गदा चौक तक सड़क के ऊपर अतिक्रमण हटाने का कार्यवाही लगातार जारी

भिलाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र का सुपेला अंडर ब्रिज से गदा चौक तक सबसे व्यस्ततम मार्ग में एक मार्ग है। नगर निगम भिलाई द्वारा बार-बार कार्रवाई करने के बाद भी खुदरा व्यापारियों द्वारा रोड जाम कर दिया जा रहा है। जिससे आवा- गमन बाधित होने का शिकायत मिलते रहती है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर नगर निगम भिलाई का तोड़फोड़ दस्ता पहुंचकर सड़क पर से अवैध कब्जा हटवाया। तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी राजस्व बालकृष्ण नायडू ने बताया एक तरफहम लोग रास्ता- सड़क को खाली करवाते हैं, चालान काटते रहते हैं। व्यापारी हमको देखकर के भाग जाते हैं। जैसे ही आगे बढ़ते हैं, दूसरे गली से व्यापारी पसरा लगाकर, ठेला खड़ा करके, सड़क को जाम कर, बेचना शुरू देते हैं। इससे आवागमन बाधित हो जा रहा है। जरूरत पड़ने पर दमकल या एंबुलेंस भी ठीक से नहीं निकल पाता है। ऐसा ही दृश्य प्रत्येक रविवार को बन जाता है। किसी भी प्रकार का वाहन सरलता पूर्वक निकलने में परेशानी होती है। हमारी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। इस कार्रवाई के दौरान जोन के राजस्व अधिकारी धीरज साहू, जेपी तिवारी, बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, हरिओम गुप्ता पूरे राजस्व का दल उपस्थित रहा।

रिटायर्ड बीएसपी अफसर के बेटे ने बनाया पंचायत की थीम का 'गीतात्मक संस्करण, जमकर हो रहा वायरल

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। अपने रोचक संवादों और ग्रामीण परिवेश में फिल्मांकित पंचायत वेब सीरीज़ ने सभी से खूब लोकप्रियता बटोरी और अब इसके तीसरे सीजन ने भी सोशल मीडिया पर धूम मचा दी है। इससे जुड़े इंटरनेट में कई स्पूफ़ मीम्स और वीडियो वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे कई पोस्ट के बीच, भिलाई इस्पात संयंत्र के रिटायर्ड कर्मचारी राकेश श्रीवास्तव के बेटे पलाश श्रीवास्तव का एक वीडियो आया, जिसमें उन्होंने प्रतिष्ठित पंचायत वेब सीरीज़ के थीम म्यूजिक में अपने खुद के बोल जोड़े हैं, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं।



प्रधान जी की लौकी और प्रहलाद चा की ज्ञान की बातों से लेकर विकास की मासूमियत भरी नोकझोंक, सचिव जी और रिंकी की मनमोहक कहानी तक, किरदारों ने प्रशंसकों के दिलों में अपनी जगह बना ली है। पलाश श्रीवास्तव ने अपने गीत के माध्यम से इस वेब सीरीज़ के प्रमुख पात्रों के सार को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं और उनके व्यक्तित्व को अपने शब्दों के माध्यम से जीवंत कर, प्रमुख पात्रों के व्यक्तित्व और उनके लक्षणों पर प्रकाश डालते हैं।

इनके गीतात्मक संस्करण के ये बोल सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हो रहा है। गाने के बोल हैं, इस गांव का नाम है फुलेरा, हैं यहां प्रधान और प्रह्लाद चा। सचिव जी हैं हमारे नायक, इनकी आँखों में हैं सपने। विकास उनके हैं सहायक, मंजू देवी भी प्रधान, सचिव जी ने सिखाया पूरा राष्ट्रगान। बनराकाश है और विनोद भी, जिनके कारण होती नोकझोंक भी। पूरब है पश्चिम है, सर चढ़ा विधायक है, रिंकीया टंकी पे चढ़ी। लौकी है, नौटंकी है गजब बेज्जती भी।

2015 में सेवानिवृत्त हुए पलाश के पिता, राकेश श्रीवास्तव भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक विभाग में सहायक महाप्रबंधक थे तथा वे पूर्व में भिलाई स्टील वर्कर्स यूनियन के सचिव भी थे। पलाश की माता, मधु रायपुर के गर्ल्स कॉलेज में प्रोफ़ेसर हैं। अपनी इस रचना को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पलाश श्रीवास्तव ने लिखा, पंचायत की प्रतिष्ठित थीम पर एक गीतात्मक मोड़ के साथ मेरी प्रस्तुति। गायक पलाश श्रीवास्तव ने क्या होता अगर पंचायत सीरीज के थीम सॉन्ग के बोल होते? इस पर एक नया अंदाज़ पेश किया है।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के नवनिर्मित भवन में संचालित होगा संभागीय आयुक्त कार्यालय

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। दिनांक 29 अप्रैल 2014 से दुर्ग संभाग नव गठित होकर संभागीय आयुक्त कार्यालय दुर्ग संभाग प्रारंभ हुआ है। संभागीय आयुक्त कार्यालय हेतु भवन स्वीकृति एवं निर्माण नही होने से संभागीय आयुक्त कार्यालय हिन्दी भवन में संचालित हो रहा था। हिन्दी भवन दुर्ग 100 वर्ष से अधिक पुराना होने के कारण उसका स्लैब/छत टूटकर गिर रहा है एवं मिटिंग हॉल में सिलिंग खराब होने से फाल्स सिलिंग टूटकर गिर गया है, जिसके कारण वहां संभागीय आयुक्त कार्यालय संचालित होने से दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो गई है।

इसके अतिरिक्त यह भवन संभागीय आयुक्त कार्यालय हेतु पर्याप्त नहीं है एवं छोटा पड़ रहा है। न्यायालय कक्ष अधिवक्ताओं के लिए ही पर्याप्त नही है एवं पक्षकार न्यायालय कक्ष में पर्याप्त स्थान नही होने से न्यायालयीन कार्यवाही में भाग नहीं ले पा रहे है। छत्तीसढ़ शासन के पत्र कमांक एफ4-3/2020/एक 6 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 26 अगस्त 2020 द्वारा छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन किया गया है एवं इसका संचालन संभागीय आयुक्त कार्यालय दुर्ग में प्रकोष्ठ गठन कर किया जाना है, परंतु संभागीय आयुक्त कार्यालय में पर्याप्त स्थान. नही होने के कारण प्राधिकरण प्रकोष्ठ को बी. एस.एन.एल भवन में किराये पर संचालित करना पड़ रहा था। उपरोक्त स्थिति को देखते हुये संभागीय आयुक्त कार्यालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण को आयुक्त कार्यालय में संचालित किये जाने को दृष्टिगत रखते हुये उपरोक्त दोनो कार्यालय को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के नव निर्मित भवन जिसका प्रथम एवं द्वितीय तल लगभग 02 वर्ष से रिक्त है, में स्थानांतरित किया गया है। उक्त भवन के द्वितीय तल में संभागीय आयुक्त कार्यालय एवं प्रथम तल के तीन कक्ष में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण 18 जून 2024 से संचालित किया जायेगा।

स्कूली बच्चों ने हवन यज्ञ में आहुतियों से किया सकरात्मक ऊर्जा का संचार, गणेश गायत्री मंत्र का किया जाप

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेवक फाउंडेशन की पहल से बच्चों के स्कूल के छुट्टियों के दौरान प्रति सप्ताह सनातन शिक्षा की बुनयादी शिक्षा प्रदान करने शास्त्री नगर त्रिमूर्ति मंदिर प्रांगण में हर रविवार शाम को क्लास लगाई जाती थी।

जिसमे ब्रम्हा विष्णु महेश आदि शक्ति से लेकर चारों वेद, चारों युग, चारो वर्ण, विष्णु जी के दशवतार, गणेश जी और हनुमान जी की जन्म कथा, रामायण, महाभारत और भागवत गीता के बारे में बहुत ही संक्षेप में पढ़ाया गया। कुछ मंत्रो का उच्चारण करना सिखाया गया। इस कार्यशाला का समापन 16 जून सुबह बच्चों के द्वारा गणेश गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।

जिसमे शाला में आ रहे बच्चे रेहान, सानिध्य, नक्षत्र, लावण्या, उन्नति, आरोही, आर्या, प्रज्ञा, दक्ष, मिस्का, राजवीर, अश्मिता, ख्याति, आशुतोष, अर्धला, अधीक्षा, आयन के साथ साथ कुल 29 बच्चों ने पारम्परिक वेशभूषा में इस यज्ञ में भाग लेकर जाप माला के साथ 108 मन्त्र जाप से पूरा दृश्य अद्भुत वातावरण से अभिभूत कर दिया, साथ ही जिससे निश्चित ही सकरात्मक ऊर्जा का भी संचार हुआ। कार्यक्रम के पश्चात सेवक शाला के सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया, और कार्यक्रम में उपस्थित पालको ने इस पहल को बहुत सराहा और सनातन धर्म में प्रति जागरूक रहने के लिए आगे भी ऐसे कार्यशाला करने का आग्रह भी किया।

इस कार्यशाला के दौरान त्रिमूर्ति मंदिर समिति के अनिल जायसवाल, विनोद मिश्रा, प्रवीण मेहता, राकेश त्रिवेदी का विशेष सहयोग मिला, कार्यशाला में प्रति क्लास नोट्स के साथ बच्चों को सरल भाषा में सनातन धर्म का ज्ञान फाउंडेशन के संयोजक विकास जायसवाल के साथ डॉ पियूष निधि शर्मा, डॉ सुनीता रानी, संजना शांडिल्य और कंचन मिश्रा जी ने मूलभूत शिक्षा का ज्ञान बच्चों को दिया। फाउंडेशन के संयोजक विकास जायसवाल ने बताया की गणेश गायत्री मंत्र का व्यापक रूप से बुद्धि और भौतिक लाभ के लिए भी उपयोग किया जाता है, क्योंकि भगवान गणेश सफलता प्रदान करने के लिए भी सहायक हैं। इस मंत्र का जाप करने से नम्रता, ज्ञान और स्मरण की भी वृद्धि होती है।

निगम का टैक्स वसूली: घरों-घर सर्वे, बड़े बकायादारों को जल्द नोटिस जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर निगम अपनी माली हालत सुधारने के लिए अधिक से अधिक राजस्व वसूलने बड़ा लक्ष्य तय किया है। जिसे पूरा करने अधिकारियों की टीम गठित की गई है। नगर निगम की तरफसे राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ पूरे सहायक राजस्व निरीक्षकों को लगाकर संपत्तिकर के साथ यूजर चार्ज वसूलने की तैयारी की जा रही है।

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अफसरों से साफ शब्दों में कहा है कि हर हाल में अधिक से अधिक राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करना है। सोमवार को बकरी ईद के अवसर पर नगर निगम राजस्व विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा तकिया पारा और केलाबाड़ी क्षेत्रो में जाकर ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए लोगो के घरों में जाकर पुराना टैक्स बकाया की जानकारी दी गई। उन्होंने जानकारी में बताया कि तकिया पारा में पिछला बकाया लगभग 1.5 करोड़ और केलाबाड़ी में पिछला बकाया लगभग 1.00 करोड़ है। साथ मे इस वित्तीय वर्ष का 30 जून 2024 से पहले भुगतान की स्थिति में 6त्न छूट की जानकारी दी गई। संपत्ति कर का भुगतान करने नागरिकों से सम्पर्क किया जा रहा है।

आज छुट्टी के दिन भी राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता द्वारा सभी वार्ड के राजस्व विभाग कार्यलय का निरीक्षण कर सहायक राजस्व निरीक्षकों प्रतिदिन दो- दो लाख वसूली करने का सख्त टारगेट करने की बात कही। साथ ही बड़े बकायादारों से संपर्क करने कहा गया है। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने कहा पुराना बकाया का वसूली प्राथमिकता से करना है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बकाया संपत्ति कर के साथ यूजर चार्ज की वसूली कड़ाई से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। नगर निगम सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के दिशा निर्देश पर नगर निगम की आर्थिक हालत को सुधारने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि बड़े बकायादारों का 8 करोड़ बाकी है। जिसे वसूली हेतु नोटिस की कार्यवाही की जावेगी। नोटिस के बाद भी जमा नही करने की स्थिति में निगम एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम सौ से अधिक बड़े बकायेदारों की सूची जारी करेगी। नगर निगम को आठ करोड़ रुपये संपत्ति कर वसूलना है।

श्रृंखला यादव को पांचवीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई की बेटी स्व. श्रृंखला यादव को उच्च न्यायालय से भी न्याय मिले, इसी कामना के साथ उसकी पांचवीं पुण्यतिथि पर सोमवार को लोगों ने श्रृंखला चौक, रुआबांधा में एकत्रित होकर उसे श्रद्धासुमन अर्पित किया। विभिन्न समाजसेवी, यूनियन नेता, श्रृंखला मेमोरियल फाउंडेशन के सदस्य मौजूद थे।

श्रृंखला की मां ममता यादव ने न्यायालय के फैसले पर भरोसा जताते हुए कहा कि आगे उच्चतम न्यायालय में भी अपराधी को वही 20 साल की सजा बरकरार रहना चाहिए, नहीं तो इस तरह के अपराधियों को बढ़ावा मिलेगा। रूद्र सेना के प्रमुख अरूण बेरी ने कहा कि हम सबको एकजुट होकर अपने लिए सुरक्षा कवच खुद तैयार करना है और किसी भी तरह की मुसीबत में एक दूसरे के साथ खड़े रहना है। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि हम सब के संयुक्त प्रयास से ही बेटियों को सुरक्षा मिल पाएगी। कार्यक्रम में भूतपूर्व टीआई एसके यादव, डीआर यादव, राजकुमार यादव, सरोज सिंह, प्रदीप यादव, इजराइल, जयंत सिंह, विनयचंद, विजय यादव मौजूद थे।

ईद उल अजहा पर अमन के लिए दुआओं में उठे हाथ

तीन दिन तक चलने वाला कुर्बानी का सिलसिला शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। टिवन सिटी में तीन दिन के ईद उल अजहा त्यौहार की शुरुआत सोमवार से हुई। कुर्बानी के जज्बे के साथ लोग ईद मना रहे हैं। 19 जून बुधवार तक हैसियत के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के लोग बकरों की कुर्बानी करेंगे। पहले दिन ईदुलअजहा की नमाज शहर के तमाम ईदगाह व मस्जिदों में सुबह पढ़ाई गई। जिसमें बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। नमाज के बाद समाज के सभी समुदाय के लोगों ने मुस्लिम भाईयों को गले मिल कर मुबारकबाद दी। इसके साथ ही हज पूरा होने पर दुआएं की गईं।

जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इकबाल अंजुम हैदर ने नमाज अदा करवाई। नमाज के बाद भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर जमील अहमद की ओर से सालाना रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें ट्रस्ट की ओर से मस्जिद में जारी निर्माण कार्य की जानकारी दी गई। वहीं मुल्क में बढ़ती सांप्रदायिक घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए ऐसे तत्वों पर लगाम लगाने की मांग की गई। इमाम के खुत्बे के बाद मुल्क में अमन व भाईचारे की दुआएं की गई।

ईद उल अजहा के मौके पर मक्का मुअज्जमा में हज पूरा होने पर सभी लोगों ने दुआएं की। खास तौर पर दुर्ग-भिलाई से गए हाजियों ने अपने-अपने परिवार में फोन-वीडियो कॉल कर हज पूरा होने की जानकारी दी और लोगों ने उनसे दुआओं की गुजारिश की। ईद की नमाज के मौके पर भिलाई में तमाम मस्जिदों व ईदगाहों में हज पूरा होने पर हाजियों को मुबारकबाद पेश की गई। ईद उल अजहा पर शहर के कब्रिस्तान हैदरगंज में लोग नमाज के बाद पहुंचे और अपने दिवंगत परिजनों की कब्र पर दुआएं की। मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2 में नमाज़ से पहले अपनी तकरीर में मौलाना इनामुल हक ने कहा कि अल्लाह ने कुर्बानी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम से मांगी लेकिन ली नहीं। इब्राहिम अलैहिस्सलाम को जब बेटे पर छुरी चलाने की नौबत आई तो अल्लाह ने फ़रिश्ते के जरिए से एक दुंबा (भेड़) रखवा दिया और इस्माइल को हटा दिया। मौलाना हक ने कहा अल्लाह प्रेम और आत्मसंयम (तकवा-परहेजगारी) को पसंद करता है। इस कुर्बानी को क़यामत तक लोगों के लिए साहिबे हैसियत पर वाजिब कर दिया गया। इस के बाद नमाज़े ईदुल अजहा इमाम हाफिज़ कासिम ने अदा करवाई। इस मौके पर लोगों ने आपस में दिली मुबारकबाद दी और पुलिस विभाग के मौजूद लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान सदर मोहम्मद असलम, सचिव सैयद असलम,नायब सेक्रेटरी मोहम्मद अकरम, खजांची सगीर जमाल, मोहम्मद आजम, निजामुद्दीन अंसारी, युसूफ सिद्दीकी, अशरफ हाफिज़ महफूज़ सईद अहमद, निसार अहमद, हाफिज़ अहमद,आदिल, ताहिर,साहिल और अदनान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

हाजी सिद्दीकी की किताब 'तामीर-ए-मस्जिद, मदरसा व मजारात' का हुआ विमोचन

शहर के प्रख्यात शिल्पकार हाजी एमएच सिद्दीकी की किताब 'तामीर-ए-मस्जिद, मदरसा व मजारात' का विमोचन ईद उल अजहा के मौके पर ईदगाह-मस्जिद शेर-ए-खुदा हाउसिंग बोर्ड में हुआ। हाजी सिद्दीकी ने यह किताब शिल्पकला के क्षेत्र में अपने 40 साल के तजुर्बे के आधार पर लिखी है। जिसमें उन्होंने मस्जिद, मदरसा और मजार के निर्माण के दौरान आर्किटेक्चर के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डाली है। जिससे ऐसे निर्माण भविष्य में भी मिसाल बनें।

इस विमोचन के दौरान मौलाना मोहम्मद जलालुद्दीन रिजवी मिस्बाही, मौलाना मोहम्मद ताजीम रजा जामई जामा मस्जिद शेरे खुदा हाउसिंग बोर्ड, सदर हाजी मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी, सेक्रेटरी मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, साबिक सदर गनी खान, कैशियर रशीद खान, मोहम्मद शमीम सिद्दीकी, हाजी मास्टर एजी कुरैशी, कैप्टन मोहम्मद जमाल, हाफिज़ मोहम्मद आसिफरजा और मोहम्मद जाकिर सहित अनेक लोग मौजूद थे। सभी ने हाजी सिद्दीकी की मेहनत को सराहा और किताब की मकबूलियत की लिए दुआएं की।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950